राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com





# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 284, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 27 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

महापौर का चुनाव रद्द करने के ख़िलाफ़ 'आप' ने भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन .... पेज 03

पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज .... पेज 05

जीतकर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास लौटा सकते हैं : फाफ डुप्लेसी .... पेज 07


**मतदान जागरूकता अभियान**




ठाणे में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान छात्र मतदान जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए।

# दूसरे चरण में 60.96 प्रतिशत मतदान

## बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा


नयी दिल्ली। उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ती गर्मी के बीच लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये।

बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा । दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ।

निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा।

त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था।



इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। चौदह राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सभी सीटों पर मतदान कराया जा चुका है।

तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। आयोग ने एक विज्ञप्ति के अनुसार कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनके सहयोगी निर्वाचन आयुक्त् ज्ञानेश कुमार तथा सुखवीर सिंह संधू ने राजधानी में आयोग के मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। आयोग के अनुसार दूसरे चरण में एक लाख मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की गयी। बिहार के बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर के बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का अंतिम समय चार बजे के बजाय शाम छह बजे बढ़ा दिया गया था ताकि मतदाता तेज गर्मी से बच सकें।

छत्तीसगढ़,राजस्थान, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा और मणिपुर तथा अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पुरुष और महिलायें अपने परम्परागत परिधानों में आकर लोकतंत्र के इस महापर्व की छटा को और वैविध्य किया।

कर्नाटक में वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र की टीम ने मतदान शुरू होने से पहले परम्परागत वेशभूषा में मतदाताओं का स्वागत किया। कई मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा कर्मी वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता करते देखे गये।

छत्तीसगढ़ के महासमुंद के कुल्हाड़ी घाट गांव की कुछ महिला मतदाता कामार पी वी टी जी मतदान केन्द्र पर अपने शिशुओं के साथ वोट डालने आयीं थी। पहली बार मतदान का अधिक प्राप्त करने वाले युवा मतदाताओं को कई जगह वोट डालने के बाद खुशी से सेल्फी लेते देखा गया।

त्रिपुरा में दूरदराज के धलाई विधानसभा क्षेत्र के राइमा घाटी में एक मतदान केन्द्र पर मतदातानावों से वोट डालने पहुंचे थे। सेवानिवृत्त एयर मार्शल पी वी अय्यर बेंगलुरु में एक मतदान केन्द्र पर पहले घंटे में मतदान किया।

राजस्थान में डूंगरपुर के बदगामा, चिखली मतदान केन्द्र के कुछ मतदाताओं को नाला पार करने के लिये डोंगी लगायी गयी थी।

केरल में मतदान प्रक्रिया के दौरान एक बूथ एजेंट सहित चार लोगों की मौत हो गयी। कर्नाटक में बेंगलुरु के जेपी नगर के एक केन्द्र पर मतादाओं की कतार में लगी एक अधेड़ महिला को दिल का दौरा पड़ा। उसी कतार में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे एक चिकित्सक ने तत्काल उसकी सहायता की और उसे पुलिसकर्मियों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' अवधारणा पर काम करेंगे एस सी ओ देश

नयी दिल्ली। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देशों ने 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की अवधारणा की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की है। एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की शुक्रवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में हुई बैठक में यह सहमति बनी। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बाद में जारी संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि एससीओ देशों ने अन्य पहलों के अलावा, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यद्व के विचार को विकसित करने पर सहमति व्यक्त की जो 'वसुधैव कुटुंबकमद्व के प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित है। रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों को कतई न बर्दाश्त करने का दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अधिक 'नोटा' को वोट, चुनाव रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने किसी उम्मीदवार से अधिक नोटा को वोट मिलने पर संबंधित चुनाव को अमान्य घोषित कर रद्द करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर विचार करने का फैसला करते हुए शुक्रवार को चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ,न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक शिव खेड़ा की ओर से दायर याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी करेंगे। यह चुनावी प्रक्रिया से संबंधित भी है। देखते हैं चुनाव आयोग इस मामले क्या कहता है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि संबंधित राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने घोषणा की है कि यदि नोटा किसी भी चुनाव में विजेता के रूप में उभरा तो वहां अनिवार्य रूप से पुनर्मतदान होगा। अधिवक्ता ने कहा कि चूंकि गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के अलावा कोई अन्य उम्मीदवार नहीं था, इसलिए माना गया कि सभी मतदाता एक ही उम्मीदवार के पक्ष में हैं।

# शादी में सिलेंडर ब्लास्ट..एक ही परिवार के 6 की मौत

## दरभंगा में बारातियों की आतिशबाजी से शामियाने में लगी आग; रसोई तक पहुंची चिंगारी

दरभंगा। दरभंगा में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था। इस दौरान बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया



गया। वहां दोनों की शादी हुई। इसी दौरान रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे डीजल के स्टॉक में भी आग लग गई। इसमें रामचंद्र पासवान के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में रामचंद्र पासवान के बेटे, बहू, बेटी, 2 नाती, 1 नतिनी ने दम तोड़ दिया। मामला अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना के अंटोर गांव का है। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों ने पटाखे जलाने से मना किया था। इसी दौरान किसी ने जले पटाखे पर लात मार दी। उससे निकली चिंगारी से पहले पास रखे फूंस में आग लग गई। देखते-देखते आग गोदाम में फैल गई। फिर कच्चे घर तक पहुंच गई। जिसके लिए बारात आई थी, शादी के बाद उसका पूरा परिवार घर छोड़ फरार है।

### हादसे में मृतकों के नाम

मृतकों में रामचंद्र पासवान के बेटे सुनील पासवान (28), सुनील की पत्नी लाली देवी (25), सुनील की बहन कंचन देवी (25), कंचन की बेटी साक्षी कुमार (6), उसके दो बेटे सिद्धार्थ(2) और सुधांशु (4) शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। ये लोग पड़ोसी हैं। दुल्हन के घर से 100 मीटर की दूरी पर इनका घर है। जहां बराती रूकी थी। बेनीपुर के अनुमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ झा ने बताया कि घटना में 6 लोगों की मौत हुई है। मृतक के नजदीकी रिश्तेदारों को 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे। 3 मवेशियों की भी मौत हुई है। उनका भी मुआवजा दिया जाएगा। बाकी सामान के नुकसान के लिए 12 हजार रुपए की मदद की जाएगी।

# सीबीआई ने बंगाल के संदेशखाली से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद बरामद किये

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में दो परिसरों में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, जिसमें विदेशी निर्मित पिस्तौल और रिवाल्वर भी शामिल हैं।

सीबीआई ने तलाश अभियान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले के मामलों को लेकर चलाया।

सीबीआई के अनुसार एसके शाहजहाँ के आवासीय और आधिकारिक परिसरों की तलाशी के दौरान ईडी कर्मियों के खिलाफ हिंसा के मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में सीबीआई द्वारा आरसी.2/2024-कोल के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सीबीआई के अनुसार इस मामले की जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि ईडी टीम की खोई वस्तुएं और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं एसके के एक सहयोगी के आवास पर छिपाई हो सकती है।

तदनुसार, सीबीआई की टीम ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों के साथ आज यानी 26/04/2024 को उत्तर 24 परगना के ग्राम संदेशखाली में 02 परिसरों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान 03 विदेशी निर्मित रिवाल्वर, 01 भारतीय रिवॉल्वर, 01 कोल्ट आधिकारिक पुलिस रिवॉल्वर, 01 विदेश निर्मित पिस्तौल, 01 देशी पिस्तौल, 09 मिमी गोलियां- 120 नग, .45 कैलिबर कारतूस - 50 नग, 09 मिमी कैलिबर कारतूस-120 नग, .380 कारतूस -50 नग. .32 कारतूस- 08 नग बरामद किए गए।

इसके अलावा एसके से संबंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी मिले। कुछ वस्तुएं, जिनके देशी बम होने का संदेह है, भी बरामद की गई हैं, जिन्हें एनएसजी की टीमें संभाल रही हैं और उनका निपटान कर रही हैं। तलाश अभी भी जारी है।




### संदेशखाली केस में सीबीआई की पहली एफआईआर

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार 25 अप्रैल को सीबीआई ने संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण केस में पहली एफआईआर दर्ज की। मामले में पांच आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, यह सामने नहीं आया। हालांकि, कहा जा रहा है कि ये रसूखदार लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी।

## ईवीएम के वोट वीवीपैट की पर्चियों से मिलान, मतपत्रों से मतदान की याचिका की खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट की पर्चियों की गिनती (मिलान) 100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली



याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

## मोरबी हादसा पीड़ितों को कंपनी मुआवजा देने को राजी

### कलेक्टर ने हर महीने 12 हजार देने का सुझाव दिया था, 135 की गई थी जान

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। इस त्रासदी के पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ब्रिज की देखरेख करने वाली ओरेवा कंपनी के खिलाफ हाल ही में कोर्ट की अवमानना का मामला दर्ज करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया



गया था। इसी नोटिस के जवाब में ओरेवा की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि कंपनी पीड़ित परिवारों को हर महीने 12 हजार रुपए का मुआवजा देने को तैयार है। इस मुआवजे का सुझाव कंपनी को मोरबी कलेक्टर ने दिया है।

कंपनी ने कहा कि उसने अदालत के सुझाव के अनुसार पीड़ितों की मदद लिए एक ट्रस्ट भी बनाने की पहल की है। वह कलेक्टर द्वारा सुझाए गए मुआवजे को 30 अप्रैल तक ट्रस्ट पंजीकृत बैंक खाते या कानूनी सहायता में जमा करने के लिए तैयार है।

# जम्मू-कश्मीर में रामबन-गूल मार्ग धंसा, 24 घरों में दरारें आईं

## 60 हजार लोगों का मुख्य शहर से संपर्क टूटा, बिजली सप्लाई भी ठप

रामबन। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में गुरुवार (25 अप्रैल) को 5 किलोमीटर लंबे रामबन-गूल मार्ग पर सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इसके चलते पेरनोट इलाके में मौजूद 24 घरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। घरों की दीवारें और फर्श दरक गए।

घटना के कारण इलाके में बिजली सप्लाई ठप हो गई और 60 हजार से ज्यादा रहवासियों का मुख्य शहर से संपर्क टूट गया है। मकानों में दरारें आने के बाद 23 घरों के लोगों का रेस्क्यू किया गया और सभी को सुरक्षित



स्थान पर ठहराया गया है।

रामबन के डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। रामबन-गूल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

### एंबुलेंस तैनात की गई, सड़क पर काम शुरू

डीसी बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा है कि पेरनोट में मेडिकल हेल्प के लिए एंबुलेंस तैनात की गई है, जिससे परेशानी होने पर लोगों को तत्काल इलाज मिल सके। वहीं, सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। कई वाहन फंसे हुए हैं। जरूरी सेवाएं तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया गया है।

**आतंकी ढेर**

**दो दिन से चल रहा ऑपरेशन, नौपोरा इलाके के घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी**

# जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया।मुठभेड़ अभी भी जारी है।

नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने



पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए।

मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन अ्त्रत्र के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी।

### दो दिन पहले भी हुई थी मुठभेड़

इससे पूर्व मंगलवार को बांदीपोरा के रेंजी अरागाम में आतंकियों से मुठभेड़ में भी दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे। पुलिस को गुरुवार दोपहर बाद पता चला कि स्वचालित हथियारों से लैस दो-तीन आतंकी सोपोर में किसी जगह अपने संपर्क सूत्र से मिलने आए हैं। ये आतंकी चुनाव के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

शाम सात बजे के करीब जब सुरक्षाबल तलाशी लेते हुए आगे बढ़े तो मस्जिद से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

### पांच महीने पहले पांच आतंकी मारे गए

करीब पांच महीने पहले 17 नवंबर को कुलगाम के एक घर में छिपे पांच आतंकी मारे गए थे। इनमें से एक नाबालिग था। एक दिन पूर्व मिली सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था। इसी दौरान आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

पांचों आतंकी जिस घर में छिपे हुए थे, क्रॉस फायरिंग के दौरान उसमें आग लग गई। आतंकियों की बॉडी ड्रोन कैमरा के जरिए देखी गई थी। आतंकियों के पास भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया था। इसमें 4 एके-47 राइफलें, 10 एके-47 मैगजीन, 2 पिस्तौल, 3 पिस्टल मैगजीन, 4 ग्रेनेड और बारूद पाउच शामिल थे। सभी आतंकी जम्मू-कश्मीर के ही रहने वाले थे।

# शार्ट न्यूज

## तमिलनाडु सरकार ने खाद्य पदार्थों के साथ तरल नाइट्रोजन के सीधे सेवन पर लगाई रोक

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने बिस्किट, आइसक्रीम, वेफर बिस्कुट आदि खाद्य पदार्थों के साथ सीधे उपभोग के लिए तरल नाइट्रोजन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया कि परोसने से पहले भोजन या पेय से तरल नाइट्रोजन को पूरी तरह से वाष्पित किया जाना चाहिए। सरकार ने यह कदम स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञों और पेशेवरों द्वारा तरल नाइट्रोजन के सीधे उपभोग चिंता जताने के बाद उठाया है, जिससे किसी के जीवन को भी खतरा हो सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि तरल नाइट्रोजन (आईएनएस 941) को केवल प्रसंस्करण सहायक के रूप में, ठंडक और वर्णक एजेंटों (ऐसे पदार्थ जो भोजन के संपर्क में तेजी से ठंड का कारण बन सकते हैं) के रूप में उत्पाद श्रेणी में प्रसंस्करण श्रेणियों के तहत परिशिष्ट सी-एस.नंबर 9 के अनुसार डेयरी आधारित मिठाइयों-आइसक्रीम में उपयोग की अनुमति दी गई है। इसके अलावा नाइट्रोजन (आईएनएस-941) का उपयोग केवल खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक एवं खाद्य योजक) विनियमन, 2011 के अनुसार पैकिंग गैस और फ्रीजेंट के रूप में किया जा सकता है।

## हरीश राव ने कृषि ऋण माफी विवाद पर मीडिया के समक्ष पेश किया इस्तीफा

हैदराबाद। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने शुक्रवार को कृषि ऋण माफी विवाद को लेकर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की चुनौती स्वीकार करते हुए अपना त्याग पत्र मीडिया के समक्ष पेश किया। रेड्डी ने राव को चुनौती दी थी कि अगर उनकी सरकार 15 अगस्त से पहले फसल ऋण माफी लागू करने का वादा पूरा करती है तो वह अपना विधायक पद छोड़ दें। राव ने भी रेड्डी को चुनौती दी थी कि वह भी शुक्रवार को विधानसभा भवन के सामने शहीद स्मारक पर अपना त्याग पत्र लेकर आएं, ताकि दोनों त्याग पत्रों को बुद्धिजीवियों को सौंपा जा सके। राव आज रेड्डी की चुनौती को स्वीकार करते हुये, शहीद स्मारक पर अपना इस्तीफा पत्र लेकर पहुंचे और उन्होंने रेड्डी को भी अपना इस्तीफा पत्र बुद्धजीवियों को सौंपने के लिये यहां लाने के लिये कहा। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद स्मारक पर मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री को 15 अगस्त तक पार्टी की छह गारंटियों के हिस्से के रूप में ऋण माफी को पूरा करने के वादे के रूप में बुद्धिजीवियों को अपना इस्तीफा पत्र भी सौंपना चाहिए। राव ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार 15 अगस्त तक अपना वादा पूरा करती है तो वह चुनाव लड़ने से भी दूर रहेंगे।

## पुलिस अभिरक्षा से फरार पोक्सो आरोपी ने पुलिस को छकाया, पकड़ा गया

बागेश्वर/नैनीताल। उत्तराखंड के बागेश्वर में शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस अभिरक्षा से फरार यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के आरोपी ने पुलिस को कुछ देर खूब छकाया। आखिरकार उसे दो घंटे बाद पकड़ लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरूड़ बागेश्वर के ग्वाल्दे गांव निवासी दीवान राम के खिलाफ नाबालिग के यौन शोषण के आरोप में बैजनाथ राजस्व पुलिस क्षेत्र में पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। आरोपी को इसी साल जनवरी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। आरोपी अल्मोड़ा जिला जेल में निरूद्ध है। बागेश्वर पुलिस की ओर से आरोपी को आज कोर्ट में पेश करने के लिये ले जाया गया। आरोपी कोर्ट परिसर से फरार हो गया। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। सभी थाना प्रभारियों और एसओजी को भी आरोपी को पकड़ने का फरमान जारी कर दिया गया। इससे घटनाक्रम से अधिकारियों के भी हाथ पांव फूल गये। कुछ देर छकाने के बाद पुलिस ने आरोपी को आरएफसी गोदाम के पास से पकड़ लिया। इससे पूरे महकमे ने राहत की सांस ली।

## किसानों आभारी हूं, पूसा-44 के स्थान पर पूसा-126 बिजने का समर्थन किया

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को राज्य के किसानों को उनकी सलाह मानने और पिछले सीजन में पूसा-44 प्रकार के धान की खेती नहीं करने के लिये धन्यवाद दिया। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा कि वह हमारी खेती को बचाने और इसे फिर से लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को दिन में ही जरूरत के मुताबिक बिजली मिले। हमने मंडियों में खरीद, उठान और परिवहन की तैयारियां भी बेहतरीन बनाया हैं। हम हर सीज़न के दौरान उचित योजना, तैयारी और कार्यान्वयन करते हैं। उन्होंने कहा कि धान के पिछले सीजन से पहले किसानों से अनुरोध किया था कि वे पूसा-44 की बुआई न करें, जिसे तैयार होने में 150 से अधिक दिन लगते हैं। उनके सिर्फ एक अनुरोध के पर पूसा-44 की बुआई में क्षेत्र में 50 फीसदी कमी आई है। उन्होंने कहा कि हम गुरु साहब के शब्द पवन गुरु पानी पिता पर चल रहे हैं और पंजाब को फिर से रंगला बनाने की इस राह पर चलते हुयं किसानों का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धान का सीजन शुरू होने से पहले वह एक बार फिर किसानों से अनुरोध करते हैं कि वे पूसा-44 की बिजाई बिल्कुल न करें। इससे बिजली और भूजल की बचत होगी।

## मान ने 'आप' उम्मीदवार भुल्लर के लिए किया प्रचार

चंडीगढ़/तरनतारन। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को तरनतारन के पट्टी में खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार लालजीत सिंह भुल्लर के लिए प्रचार किया। मान ने अपने भाषण में नरेंद्र मोदी से लेकर बादल, कैप्टन और जाखड़ समेत तमाम विपक्षी नेताओं को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य में पंजाब के लोगों की अपनी सरकार है। पहले सिर्फ राजे और रजवाड़े थे। मान कैप्टन को राजा और बादलों को राजवाड़े कहकर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब को लूटा। धन-संपत्ति इकट्ठा की और अब वे आम लोगों को मलंग और मटेरियल कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब और उसके लोगों को लूटते हुए अपनी राजशाही बनाई। यही कारण है कि पंजाब के लोगों ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। मान ने कहा कि 2024 में पंजाब हीरो बनेगा, मिसाल बनेगा क्योंकि आप के सभी 13 उम्मीदवार जीतेंगे और संसद में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक पार्टियों ने हमारा बचपन बर्बाद कर दिया। उन्होंने हमारी जवानी बर्बाद कर दी और उन्होंने बुजुर्गों का जीवन भी बर्बाद किया। अब वे हमारे बच्चों और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य भी बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें उनके खिलाफ वोट करना है।

## जोशी ने मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मतदाताओं का जताया आभार :जोशी

जयपुर। राजस्थान के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मतदाताओं का आभार जताया हैं। मतदान संपन्न होने के बाद जोशी ने कहा कि मोदी है उम्मीद, मोदी है विश्वास इसलिए मोदी साथे है आपणो राजस्थान। लोकतंत्र में जनता द्वारा जनता के लिए सरकार चुनी जाती है और आज प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों पर विश्वास जताते हुए तीसरी बार हैट्रिक लगाने का काम पूरा कर दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा मतदान के बाद हम विश्वास से कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलेगा। लोकतंत्र के अनुष्ठान में जिस प्रकार आमजन ने आगे आकर बड़ी संख्या में मतदान किया है, उसके लिए प्रदेश की जनता का अनंत आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गत 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में भी मोदी की गारंटी का असर दिखा था वहीं दूसरे चरण के मतदान में प्रदेश की जनता ने मोदी के आह्वान पहले मतदान फिर जलपान को ध्येय मानकर बढ़ चढ़कर मतदान किया। मतदान प्रतिशत को देखकर यह कहा जा सकता है कि प्रदेश की जनता ने चिलचिलाती धूप में भी मतदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

# गौतमबुद्ध नगर में वोटिंग खत्म

## ओपन हार्ट सर्जरी के बाद बुजुर्ग महिला एंबुलेंस से मतदान करने पहुंची, ममूरा में दो बार खराब हुई ईवीएम




नोएडा। गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में लोकसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। 5 बजे तक 51.60त्न वोटिंग हुई। ओपन हार्ट सर्जरी करवाने वाली 75 वर्षीय महिला मतदान के लिए एम्बुलेंस में पहुंची। ममूरा में बूथ नंबर 161 पर ईवीएम खराब हो गई। दूसरी ईवीएम आई, तो वो भी खराब हो गई। इस वजह से काफी देर तक वोटिंग प्रभावित रहा। बसपा कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने वोट डाला।

शाम 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। यहां कुल 26.75 लाख मतदाता हैं। 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। 641 मतदान केंद्र और 1852 बूथ बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से पूरी लोकसभा सीट को सात सुपर जोन और 120 सेक्टर में बांटा गया है। 11 हजार पुलिस कर्मी और पैरा मिलिट्री फोर्स तैनाती है। हर बूथ पर सीसीटीवी से निगरानी और कंट्रोल रूम से नजर है।

### पीठासीन अधिकारी फोन साइलेंट रखेंगे

भाजपा ने यहां से डॉक्टर महेश शर्मा, सपा-कांग्रेस गठबंधन ने डॉक्टर महेंद्र नागर और बसपा ने राजेंद्र सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है। मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड पर रखेंगे।

### 3 विधानसभा में बनाए गए 51 मॉडल बूथ , 7 बूथ का जिम्मा महिलाओं के हाथ

गौतमबुद्ध नगर की तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 51 मॉडल बूथ तैयार किए गए हैं। नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 35 मॉडल बूथ बनाए गए हैं।

इसमें गांधी स्मारक इंटर कॉलेज चौड़ा सादतपुर, गांधी स्मारक जूनियर हाई स्कूल चौड़ा सादतपुर, समर विलेज स्कूल डी 89ए सेक्टर-22 नोएडा, सिटी पब्लिक स्कूल सेक्टर-51 नोएडा, विश्व भारती पब्लिक स्कूल सेक्टर 28 नोएडा, आर्मी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37, आरएसएस इंटरनेशनल स्कूल सदरपुर, पाथवे स्कूल सेक्टर-100 आदि है।

दादरी विधानसभा क्षेत्र में 15 मॉडल बूथ जिसमें महागुन माइवुड्स क्लब हाउस, एग्जॉटिका ड्रीम विले क्लब हाउस, चेरी काउंटी क्लब हाउस, पंचशील ग्रीन्सं-1 क्लब हाउस, सुपरटेक इको विलेज-1 क्लब हाउस, ट्राईडेंट एंबेसी क्लबहाउस, पूर्वांचल रॉयल सिटी क्लब हाउस, जेपी अमन किला हाउस सेक्टर-151, मॉडल बूथ एटीएस प्रिस्टीन क्लब हाउस सेक्टर-150 है। जेवर विधानसभा क्षेत्र में 01 मॉडल बूथ समसारा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल है।

# दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, धूलभरी आंधी, बूंदाबांदी



नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिला है। शुक्रवार शाम को शहरों में बादल छा गए। गाजियाबाद में धुंध भरी आंधी चलना शुरू हो गई। इससे तापमान में गिरावट आई है। हवा भी गर्म गर्म चल रही हैं।

दिन में पड़ी धूप से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य दो डिग्री कम था। मौसम विभाग ने अगले एक-घंटे में गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली-एनसीआर के शहरों में तेज हवाओं (40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार) के साथ धूलभरी आंधी चलने की संभावना जताई है। साथ ही बूंदाबांदी भी हो सकती है।

मौसम विभाग ने यूपी के बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ में गरज के साथ बारिश हो सकती है। हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, झज्जर, मेरठ, मेवात, पलवल, रोहतक, सोनीपत के अलावा दिल्ली के कुछ इलाकों में भी ऐसा ही मौसम रह सकता है।

# नोएडा की प्रिया भार्गव ने बैंकॉक में लहराया भारत का परचम

## मिस एशिया इंटरनेशनल का जीता खिताब




**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-37 के अरुण विहार की मिस प्रिया भार्गव ने भारत की ओर से मिस एशिया इंटरनेशनल (व्हीलचेयर) का खिताब जीता था। उन्होंने 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बैंकॉक में आयोजित माइलस्टोन की मिस एंड मिसेज एशिया इंटरनेशनल पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

इसके अलावा उन्होंने मिस करेजियस का सबटाइटल भी जीता है। उनके पास पहले से ही मिस व्हीलचेयर इंडिया 2015 सौंदर्य प्रतियोगिता का खिताब, भारत में मिस व्हीलचेयर वर्ल्ड का राजदूत पद, FOGSI- सेव गर्ल चाइल्ड एंड वूमेन एम्पावरमेंट का राजदूत पद, TEDx स्पीकर, मोटिवेशनल स्पीकर है।

वह एक शिक्षाविद्, मॉडल, अभिनेता, बेहतरीन कलाकार, एक लेखिका और एक यूट्यूबर भी हैं। उन्हें अपनी उपलब्धियों और लचीलेपन के लिए भारत सरकार और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों से सरकार से कई बड़े पुरस्कार भी मिले हैं।

प्रिया भार्गव को विश्व प्रतियोगिता के लिए बिना ऑडिशन के सीधा टिकट मिल गया है।

# वोट डालने को लेकर दो पक्षों में चले डंडे

## पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत में लिया, लाइन में खड़ा वोटर हुआ अचानक बेहोश

जेवर। जेवर के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के नंगला गांव में वोटिंग के दौरान अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। पोलिंग बूथ पर तो दोनों पक्षों को शांत करके वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने घर भेज दिया। इसके बाद आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर एक बुजुर्ग महिला को डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़ित पक्ष को हुई तो उन्होंने आरोपी के घर पहुंचकर उसे मारपीट कर दी।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब 6 लोगों को हिरासत में लिया है। महिला पक्ष के लोगों का कहना है कि वह एक प्रत्याशी को वोट दे रहे थे। जबकि उनके पड़ोस का रहने वाला दूसरे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए उन पर दबाव बन रहा था।



जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने पोलिंग बूथ पर उनके साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद आरोपी ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर उनके परिवार की महिला से मारपीट की है। बताया जाता है कि दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोट आई है। कोतवाली दनकौर संजय सिंह का कहना है कि मामले दोनों पक्षों के 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वोटिंग के दौरान लाइन में खड़ा युवक बेहोश होकर जमीन पर गिरा

ऊंची निवासी नीरज नाम का एक युवक दोपहर के वक्त दनकौर कस्बे के टाउन स्कूल में स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए गया। जब लाइन में लगा हुआ था। उसी दौरान अचानक उसको वह जमीन पर गिर गया, जिसके चलते उसकी चोट भी लग गई, जिसके मुंह से खून भी निकलने लगा। काफी देर तक जब वहां पर कोई मेडिकल सुविधा नहीं मिली।

जिसके चलते युवक की हालत बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने वहां बाइक पर बैठाकर उसको अस्पताल में भर्ती कराया। वोट डालने आए लोगों को कहना है कि मेडिकल सुविधा नहीं होने की वजह से ही युवक की जान बाल बाल बची है।

### धनौरी और देवटा गांव में हुआ हंगामा

देवटा गांव में वोटिंग के दौरान एक ईवीएम मशीन करीब 10 मिनट खराब हो गई। जिसके चलते गर्मी के मौसम में लाइन में लगे लोगों ने हंगामा किया। बाद में वह मौजूद अधिकारियों ने मशीन को ठीक कराया। जिसके बाद ही लोगों ने हंगामा बंद किया। साथ ही धनौरी गांव में भी ईवीएम मशीन अंधेरे में होने की वजह से लोगों को प्रत्याशी का चिन्ह नहीं दिखा दे रहा था। जिसके चलते लोगों ने वहां पर हंगामा कर दिया। जिसके बाद वहां पर उजाले की व्यवस्था कराई गई। उसके बाद ही लोग शांत हो सके।

# ग्रेटर नोएडा : 15 दिन के अंदर ससुर और नई बहू दोनों ने कर लिया सुसाइड

ग्रेटर नोएडा के करीब दादरी में एक घर में महज 15 दिन के अंदर ससुर और बहू द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। हालांकि, महिला के मायके वालों की तरफ से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। दरअसल, दादरी के जारचा में विवाहिता दिव्या ने कथित तौर पर गृह क्लेश के कारण गले में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसकी छह महीने पहले हलवाई का काम करने वाले मोंटू से शादी हुई थी। दोनों के बीच परिवार से अलग रहने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जारचा में परिवार के साथ रहने वाला मोंटू हलवाई का काम करता है। छह माह पहले उसकी शादी दिव्या के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पत्नी उस पर अपने परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी थी। पति परिवार छोड़कर अलग नहीं रहना चाहता था। इसी के चलते बुधवार को उन दोनों में विवाद हुआ था। पति के जाते ही पत्नी दिव्या ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घर लौटकर आने पर मोंटू को आत्महत्या करने के बारे में पता चला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस का कहना है कि महिला के परिवार की शिकायत पर आगे की कार्रवाई होगी।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

वहीं, एक अन्य मामले में ग्रेटर नोएडा के चिपियाना गांव में बने कृत्रिम तालाब में नहाते समय पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि चिपियाना बुजुर्ग के पास कुछ लोगों ने कृत्रिम तालाब बना रखा है। गाजियाबाद का रहने वाला 18 वर्षीय युवक नितिन बुधवार की दोपहर तालाब में नहा रहा था। नहाते समय पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। गुरुवार को शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव लेकर गाजियाबाद चले गए। यदि वे कोई शिकायत करते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 15 दिन पहले ससुर ने भी खुदकुशी की थी

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गृह क्लेश के कारण मोंटू के पिता मनोज ने भी 15 दिन पहले आत्महत्या कर ली थी, तब पुलिस को सूचना दिए बिना ही परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया था।

## सीमा के पति गुलाम हैदर को अदालत ने बयान के लिए बुलाया

ग्रेटर नोएडा। पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर को गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत ने 10 जून को बयान देने के लिए बुलाया है। गुलाम हैदर के अधिवक्ता मोमिन मलिक ने जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद अदालत ने सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को 27 मई को अदालत में हाजिर होने के लिए कहा था। अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा, सचिन, शादी कराने वाले पुरोहित और पैरवी कर रहे अधिवक्ता पर मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। साथ ही इस मुकदमे में सीमा हैदर और सचिन मीणा की मनाई गई शादी की सालगिरह को भी चुनौती दी थी। अदालत में शादी के अलावा बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, धर्म परिवर्तन आदि पर भी सवाल उठाए थे। विपक्षी को अदालत में बुलाने के साथ ही अब अदालत ने वादी गुलाम हैदर को भी बुलाया है।

# नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में खुलेंगे तीन नए डिपार्टमेंट

## बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए वेटिंग टाइम होगा कम

सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जल्द ही नई स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। दरअसल, चाइल्ड पीजीआई में बाल चिकित्सा न्यूरो सर्जरी, बाल मनोचिकित्सा और शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास डिपार्टमेंट खुलेंगे।इसके अलावा बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए वेटिंग टाइम को कम करने के लिए एक बड़ी सुविधा दी जाने वाली है। इसके लिए अगले माह एनजीओ की मदद से सीएसआर में आठ बेड की नई यूनिट शुरू की जाएगी। तीनों डिपार्टमेंट 2024 में ही शुरू करने की योजना है, ताकि मरीजों को जल्द सुविधाएं मिलनी शुरू हो सकें।

संस्थान के निदेशक प्रो अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अब तक न्यूरो सर्जरी की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को दिल्ली या अन्य संस्थानों में रेफर करना पड़ता है। न्यूरो सर्जरी तब महत्वपूर्ण हो जाती है जब गंभीर मरीजों को संस्थान में भर्ती किया जाता है। ऐसे में पीडियाट्रिक न्यूरो सर्जरी विभाग बनाने की तैयारी की गई। इसके अलावा यहां अभी तक मनोचिकित्सा की कोई सुविधा नहीं थी। इसके लिए बाल मनोरोग विभाग शुरू किया जा रहा है।

शरीर के अंगों में विकृति के इलाज के लिए सुविधाओं की बहुत आवश्यकता थी। इसके लिए फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन विभाग शुरू किया जा रहा है। यहां इलाज के साथ सर्जरी और व्यायाम की भी सुविधा होगी। विभागों के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होते ही इन्हें शुरू कर दिया जाएगा।

# चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण की जाएं : धामी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा मार्गों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। यात्रा से जुड़े सभी विभागों के सचिव यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

धामी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए।

उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से यात्रा में यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यात्रा से पूर्व स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिये हैं। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा मार्ग पर जग्ह-जगह प्राईवेट हेल्थकेयर टेस्टिंग किट की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की चारधाम यात्रा देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं।

यह सुनिश्चित किया जाए कि देवभूमि का अच्छा संदेश देश और दुनिया तक जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि यात्रा मार्गों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्लास्टिक और कूड़ा प्रबंधन के लिए चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारियों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए घोड़ा और खच्चर चालकों का वेरिफिकेशन कराया जाए तथा सभी का पुलिस और आपराधिक रिकॉर्ड चेक कर लिया जाए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जो भी घोड़े और खच्चर चारधाम यात्रा में लगाये जाएं उनका स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही पंजीकरण किया जाए। घोड़े और खच्चरों के लिए गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाय।

## कश्मीर में मंदिर और मस्जिद को अपवित्र करने का मामला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा जिले के त्राल इलाके में एक मंदिर और मस्जिद को अज्ञात बदमाशों द्वारा कथित तौर पर अपवित्र करने के बाद मामला दर्ज किया है। पुलिस ने संदेह जताया है कि उपद्रवियों ने अशांति फैलाने और शांति-व्यवस्था बिगाड़ने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात कुछ शरारती तत्वों ने त्राल के ददसारा में स्थानीय मंदिर और मस्जिद की खिड़की के शीशे को नुकसान पहुंचाया तथा कुरान को भी हटाने का प्रयास किया। पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक बयान जारी करके नागरिकों को आश्वस्त किया है कि अपराधियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जायेगा। बयान में कहा गया है कि अपराधियों का पता लगाने और उन्हें दंडित करने के लिए पूरी प्रशासनिक ताकत का इस्तेमाल किया जायेगा।

# उमर, मुफ़्ती ने किया जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग-राजौरी सीट पर दोबारा चुनाव कराने का विरोध

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र के लिये चुनाव स्थगित नहीं करने की अपील की।

ईसीआई ने यहां चुनाव प्रचार में कठिनाइयों के कारण कुछ दलों द्वारा चुनाव स्थगित करने की मांग के बाद गुरुवार रात को जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र में सात मई को मतदान होना है।

जम्मू-कश्मीर में ईसीआई में चुनाव स्थगित करने का अनुरोध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष रविंदर रैना, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के प्रमुख सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी, इमरान रेजा अंसारी (पीपुल्स कॉन्फ्रेंस), निर्दलीय एडवोकेट मोहम्मद सलीन पारे, और



अली मोहम्मद वानी और अर्शीद अली लोन ने दायर किया है।

नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा, अनुरोध (अनंतनाग में चुनाव स्थगित करने का) सीट से चुनाव लड़ने वालों की ओर से नहीं आया है। अजीब बात यह है कि जिन लोगों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, उनमें से कुछ लोग चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। अगर मैं चुनाव आयोग को तमिलनाडु आदि के निर्वाचन क्षेत्रों के बारे में लिखूं, तो क्या वे नोटिस लेंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने अनंतनाग-राजौरी सीट के लिये अपने उम्मीदवार भी नहीं उतारे हैं और वे मतदान स्थगित करने की मांग करने वालों में से हैं।

अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई काम नहीं करती जिससे उसे खुद को फायदा न हो।

नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि मुगल रोड खुला है और अगर बारिश भी होती है तो भी इस पर यात्रा करना ज्यादा मुश्किल नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर प्रशासन कारगिल, माछिल और गुरेज़ की सड़कों को खुला रख सकता है, तो इसका कोई कारण नहीं है कि मुगल रोड को भी खुला नहीं रखा जा सकता है, जब तक कि प्रशासन इस निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी जनादेश में हेरफेर करने की साजिश में शामिल न हो।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर चुनाव आयोग चुनाव स्थगित करने का फैसला करता है तो कानूनी विकल्प सहित सभी विकल्प खुले हैं।

## शार्ट न्यूज

### एयरपोर्ट पर सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट की वर्दी पहन घूम रहा था शख्स, गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक नकली पायलट को गिरफ्तार किया है। उसके पास से जाली आई कार्ड भी मिला है। आरोपी की पहचान गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश निवासी 24 साल के संगीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया की 25 अप्रैल को एक युवक सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट की वर्दी पहनकर मेट्रो स्काईवॉक पर घूम रहा था। शक होने पर सीआईएसएफ कर्मियों ने हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। साथ ही पहचान पत्र का सत्यापन किया गया। सत्यापन में पहचानपत्र नकली पाया गया। उसके पास उड़ान संचालन के लिए सिंगापुर एयरलाइंस की आईडी पाई गई, जिसकी बाद में जांच करने पर नकली होने की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी संगीत ने एक ऑनलाइन ऐप का उपयोग करके जाली आईडी बनाई और इसके बाद उसने द्वारका इलाके से पायलट की यूनिफॉर्म खरीदी थी। आगे की जांच से पता चला कि उसने 2020 में मुंबई में एक साल का एविएशन हॉस्पिटैलिटी कोर्स किया। जांच के अनुसार, उसने अपने परिवार और परिचितों को यह विश्वास दिलाया कि उसे सिंगापुर एयरलाइंस में पायलट की नौकरी मिल गई है। वह सभी से झूठ बोल रहा था।

### जेल से सरकार चलाने की जिद से दिल्ली में सांविधानिक संकट गहराया : बिधूड़ी

नई दिल्ली। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री के जेल से सरकार चलाने की जिद के कारण राजधानी में सांविधानिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। मुख्यमंत्री की सिफारिश के अभाव में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव स्थगित हो गए हैं। इसके अलावा एमसीडी के दो लाख बच्चों को किताबें न मिलने पर हाईकोर्ट की टिप्पणी स्थिति की गंभीरता को उजागर कर रही है। उन्होंने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे स्थिति की नजाकत को देखते हुए केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट भेजें। बिधूड़ी ने कहा कि एमसीडी के स्कूलों में दो लाख बच्चों को किताबें नहीं मिलने पर जनहित याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि यह दिल्ली सरकार और एमसीडी की असफलता है। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल केवल सत्ता में बने रहने के लिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे। वे राष्ट्रीय हितों की जगह निजी हित देख रहे हैं। कोर्ट ने शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज के बारे में भी कहा है कि वे घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 35 दिनों से कैबिनेट बैठक नहीं हुई है। गर्मी चरम पर है, लेकिन दिल्ली में बिजली-पानी का समर प्लान नहीं बना।

### 3060 फाइलें मुख्यमंत्री व मंत्रियों के पास लंबित

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में विकास एवं प्रशासन से जुड़ी 3060 से अधिक फाइलें मुख्यमंत्री व मंत्रियों के पास लंबित हैं। इस कारण दिल्ली में विकास व प्रशासनिक कार्य ठप हैं, लेकिन केजरीवाल सरकार आप के प्रचार पर पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि ये कदम पूरी तरह जनविरोधी है और जनता के साथ विश्वासघात है। केजरीवाल सरकार की प्रकृति असंवेदनशील भी है। दिल्ली सरकार ने गरीबों की संजीवनी आयुष्मान भारत योजना लागू करने की फाइल लटका रखी है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक परिषद एवं महिला आयोग पुनर्गठन की फाइल भी दबाए हुए है। सरकार ने लोकायुक्त एवं उपलोकायुक्त की शक्तियां बढ़ाने की फाइल दो साल व दिल्ली जल नीति से जुड़ी फाइल सात साल से अटका रखी है। इसके अलावा दिल्ली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की भी फाइल लटका रखी है। गांवों में विकास फंड लगाने की फाइल वर्ष 2018 व अनधिकृत कालोनियों के विकास से जुड़ी फाइल भी दो वर्ष से अधिक से मंत्रियों के पास धूल फांक रही है। यमुना सफाई के लिए एसटीपी निर्माण की फाइलें भी स्वीकृत नहीं जा रहीं।

### ज्योतिषी ने भविष्यवाणी के बहाने महिला पर बनाया संबंध बनाने का दबाव

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की एक महिला से भविष्यवाणी बताने के बहाने ज्योतिषी ने संबंध बनाने का दबाव बनाया है। महिला ने ज्योतिषी के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने का मुकदमा कराया है। पुलिस जांच में रुपयों के लेनदेन का विवाद सामने आया है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि ज्योतिषी से पूछताछ करने पर ही मामले की सच्चाई का पता चलेगा। महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी ऑनलाइन साइट से हिमांशु नाम के ज्योतिषी से बात हुई थी। इस बीच महिला से फोन पर बात करने के बाद वह उनके घर पहुंच गया। वहां पति और अन्य लोगों से बातचीत कर खुद को उनका नजदीकी बना लिया। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने एक दिन उनसे संबंध बनाने का दबाव बनाया। जब उन्होंने मना करके ज्योतिषी का फोन नंबर ब्लॉक कर दिया तो उसने घर आकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ज्योतिषी उन्हें एक दिन एक हजार बार कॉल करके मानसिक उत्पीड़न किया। जब ज्योतिषी को संबंध नहीं बनाने दिए तो उसने घर आकर परिवार के सदस्यों को उनके चरित्र के खिलाफ भड़का दिया। अब पति और अन्य लोग उनके चरित्र पर शक करने लगे हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला रकम के लेनदेन में विवाद का सामने आ रहा है। ज्योतिषी को जल्द पकड़कर पूछताछ में सही घटना का पता चलेगा।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

साहिबाबाद। टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में दिल्ली शाहदरा की युवती को कार चालक ने नौकरी दिलाने के बहाने दुष्कर्म किया। आरोप है कि चालक के साथ घटना में एक महिला ने भी साथ दिया। युवती ने पुलिस को शिकायत देकर महिला और चालक पर दुष्कर्म, साजिश करने व धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि उन्हें करीब चार महीने पहले एक कार चालक से लिफ्ट ली थी। चालक ने जरूरत बताकर उनका फोन लेकर किसी से कॉल पर बात की। आरोप है कि इस बहाने चालक ने उनका फोन नंबर ले लिया। इसके बाद दोनों की दो महीने तक फोन पर बात होती रही लेकिन युवती ने अचानक अपना फोन नंबर बंद कर दिया। चालक 16 अप्रैल को अचानक उन्हें फिर मिला और नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को गाड़ी में बैठाकर टीला मोड़ थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में ले गया। वहां एक फ्लैट में महिला मिली थी। चालक और महिला ने आपस में बात की। इसके बाद महिला ने युवती को चालक के साथ कमरे में भेजकर बाहर से कुंडी लगा दी। आरोप है कि चालक ने युवती से दुष्कर्म किया। युवती ने टीला मोड़ थाने जाकर महिला और चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दी। सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि गाड़ी नंबर के आधार पर चालक और महिला पर दुष्कर्म व साजिश के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### गैंगस्टर लिपिन के घर पर चला बुलडोजर

पटौदी। जिला नगर योजनाकार विभाग की एनफोर्समेंट टीम ने बृहस्पतिवार की सुबह गैंगस्टर लिपिन के पटौदी भूडका स्थित घर की पहली मंजिल पर बुलडोजर चला तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पहला फ्लोर अवैध रूप से6 बना हुआ था। ग्राउंड फ्लोर कंट्रोल्ड एरिया से पहले का बना हुआ था। तोड़-फोड़ की यह कार्रवाई एसीपी पटौदी हरिंदर कुमार की देखरेख में हुई। एसीपी ने बताया कि लिपिन लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध रखता है। लिपिन और परिवार के अन्य सदस्यों पर आपराधिक गतिविधियों से संबंधित करीब 20 मामले दर्ज हैं। इसमें हत्या से लेकर कई जघन्य अपराध शामिल हैं। अवैध निर्माण को लेकर विभाग की तरफ से कारण बताओ नोटिस और रेस्टोरेशन के आदेश जारी किए गए थे। जब संतोषजनक जवाब नही मिला तो बृहस्पतिवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। बता दें कि इससे पहले भी हुडा और जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए गैंगस्टर सूबे सिंह व गैंगस्टर कौशल के मकान पर तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई थी।

# दलित के बेटे को दिल्ली का मेयर बनने से रोकने के लिए उपराज्यपाल ने चुनाव रद्द किया

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को कहा कि दलित समाज के बेटे को दिल्ली नगर निगम के महापौर की कुर्सी पर बैठने से रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के जरिए मेयर चुनाव रद्द करा दिया।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज यहां कहा, संविधान हमें अधिकार देता है कि पांच साल में एक बार दलित का बेटा भी मेयर की कुर्सी पर बैठेगा लेकिन दलित विरोधी मानसिकता के भाजपा के लोगों ने बाबा साहब को कुर्सी पर बैठने से रोका, दलितों को तालाब का पानी पीने का विरोध किया, ये लोग आज भी उसी घृणा और मानसिकता के साथ जिंदा हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने दिल्ली के अंदर दलित के बेटे को पांच साल में एक साल के लिए दिल्ली के मेयर की कुर्सी पर बैठने का अधिकार दिया था, भाजपा ने उस अधिकार को खत्म किया। भाजपा ने दिल्ली में मेयर चुनाव खत्म कर दिया और कहा कि दलित का बेटा मेयर की कुर्सी पर नहीं बैठ सकता। दलित का बेटा बैठा तो मेयर की कुर्सी अपवित्र हो जाएगी। इसके लिए भाजपा ने उपराज्यपाल को मोहरा बनाया। उपराज्यपाल ने कहा कि बगैर मुख्यमंत्री की सलाह के हम पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं कर सकते।



सिंह ने कहा कि एक साल पहले जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सबसे वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल को मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी बनाया जाए तो उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री की सलाह को फाड़कर कूड़ेदान में डाल दिया और कहा, हम भाजपा की पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी बनाएंगे।

इस दौरान सिंह ने मुख्यमंत्री की सलाह के बगैर उपराज्यपाल द्वारा पिछले साल मेयर चुनाव में सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने का पत्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि दलित विरोधी भाजपाइयों ने चंडीगढ़ में भी यही काम किया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में एक सफाई कर्मी का बेटा मेयर की कुर्सी पर बैठने जा रहा था, तब भाजपाइयों ने वोटों की बेइमानी करके दलित के बेटे को मेयर की कुर्सी पर बैठने से रोक दिया था। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग यह नहीं भूलेंगे।

'आप' नेता ने भाजपा से कहा कि जब पिछले साल उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री की सलाह के बगैर भाजपा के पार्षद को पीठासीन अधिकारी बनाया था, तो इस बार मेयर का चुनाव खत्म क्यों किया? पिछले साल मुख्यमंत्री के बिना उपराज्यपाल ने भाजपा के 10 कार्यकर्ताओं को पार्षद नामित कर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा दलितों, पिछड़ों, वंचितों, शोषितों और आदिवासियों के लिए संविधान में दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बाबा साहब द्वारा चुनाव में दलितों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

# महापौर का चुनाव रद्द करने के ख़िलाफ़ 'आप' ने भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव रद्द करने के विरोध में शुक्रवार को यहाँ सिविक सेंटर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उपराज्यपाल वीके सक्सेना के खिलाफ प्रदर्शन किया।



'आप' नेता दुर्गेश पाठक ने आज यहां कहा, उपराज्यपाल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अनुशंसा ले लेनी चाहिए, उनको अनुशंसा लेने से किसने रोका है। उपराज्यपाल ने शहरी विकास विभाग के सेक्रेटरी से फाइल मुख्य सचिव को भेजा और मुख्य सचिव ने फाइल सीधे उपराज्यपाल के पास भेज दी। उपराज्यपाल ने तो फाइल पर मंत्री की अनुशंसा लेने की कोशिश ही नहीं की। इससे साफ है कि भाजपा और उपराज्यपाल ने पहले से ही पूरी योजना बना रखी थी कि मेयर का चुनाव नहीं कराना है।

पाठक ने कहा, भाजपा और उपराज्यपाल दिल्ली के अंदर दलित मेयर नहीं बनने देना चाहते हैं जबकि दिल्ली के मेयर का पद एक साल के लिए दलित प्रत्याशी के लिए आरक्षित होता है। चुनाव रद्द करने के बाद भाजपा और एलजी पूरी तरह से एक्पोज हो गए हैं। इनका दलित और संविधान विरोधी चेहरा पूरी तरह से बाहर आ गया है। आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव कराने के लिए अदालत का भी रूख कर सकती है।

'आप' नेता ने कहा, लोकतंत्र और संविधान की हत्या करके भाजपा ने जश्न मनाया। भाजपा पार्षदों ने दलित के बेटे को मेयर बनने से रोकने के बाद निगम सदन में नाचना शुरू कर दिया। भाजपा का यह घिनौना चेहरा आज फिर देश की जनता ने देख लिया।

# दोस्त से फ्लैट पर मिलने आई महिला की संदिग्ध हालात में मौत

नई दिल्ली। द्वारका सेक्टर-23 स्थित अक्षरधाम अपार्टमेंट में 39 साल की महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला अपने दोस्त से मिलने के लिए उसके फ्लैट में आई थी। फ्लैट से पुलिस को शराब की बोतलें मिली हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। वहीं, सूत्रों का कहना है कि शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक महिला की मौत हृदय गति रुकने से होने की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, शालीमार बाग निवासी दो बच्चों की मां आईजीआई एयरपोर्ट पर सुपरवाइजर थी। बृहस्पतिवार रात पुलिस को मणिपाल अस्पताल से महिला की मौत की सूचना मिली थी। उसे अचेतावस्था में अस्पताल लाया गया था। पुलिस को मौके पर दोस्त नवीन मिला। महिला की एयरपोर्ट के कस्टम विभाग में काम करने वाले नवीन से दोस्ती थी। नवीन परिवार के साथ बहादुरगढ़ में रहता है। उसका पत्नी से तलाक का मामला अदालत में लंबित है।

कुछ समय पहले नवीन ने अक्षरधाम अपार्टमेंट में फ्लैट किराये पर लिया था। यहां दोनों मिलते थे। बृहस्पतिवार को महिला नवीन से मिलने के लिए फ्लैट पर आई थी।

# मेयर चुनाव स्थगित होने पर एमसीडी में हंगामा

## आप ने भाजपा को बताया दलित विरोधी




नई दिल्ली। दिल्ली मेयर का चुनाव एलजी विनय सक्सेना द्वारा स्थगित करने के बाद आज एमसीडी सदन की बैठक बुलाई गई। बैठक शुरू होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों ने जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी दलित को मेयर नहीं बनने देना चाहती।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा को दलित विरोधी बताते हुए सदन के बाहर प्रदर्शन किया। आप पार्षदों के साथ विधायक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, सदन में मेयर ने कहा कि एलजी ने मेयर चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी नामित नहीं किया, ये ही संविधान की हत्या है। मेयर ने सदन की बैठक स्थगित कर दी।

शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा वाले देश में दलितों और पिछड़ों को आगे बढ़ते हुए नहीं देख पा रहे हैं। ये लोग दलितों को रोकने की साजिश रच रहे हैं। दिल्ली एमसीडी में इस बार दलित समाज का मेयर बनना था, लेकिन इन्होंने चुनाव रद्द करके अपनी दलित विरोधी मानसिकता और संविधान को खत्म करने का एक और प्रमाण दिया है।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिया है कि एमसीडी के मेयर पद पर एक बार दलित समाज का व्यक्ति बैठकर सेवा करेगा। भाजपा से यह देखा नहीं गया और इन्होंने चुनाव ही रद्द कर दिए। इस बार इनके दलित और संविधान विरोधी इस काम में मोहरा बने भाजपा के एलजी साहब। आज जब दलित का बेटा दिल्ली का मेयर बनने वाला था तो इन्होंने साजिश करके मेयर का चुनाव रोक दिया।

# निरंकारी मिशन द्वारा समाज कल्याणार्थ विभिन्न कार्य आयोजित किये





दिल्ली। बाबा गुरबचन सिंह जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज कल्याणार्थ अर्पित किया। एक ओर जहाँ सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त करवाया वही दूसरी ओर नशाबंदी, सादा शादियाँ एवं शिक्षा जैसे समाज सुधार कार्यों से संसार के समक्ष एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी संदर्भ में बाबा गुरबचन सिंह जी की सिखलाईयों से प्रेरणा लेते हुए निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 25 अप्रैल, 2024 को दो कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें सादा शादियाँ एवं पहाडगंज स्कूल की प्लेटिनम जयंती सम्मिलित है।

### सादगी एवं एकत्व का सुंदर प्रतीक- निरंकारी सामूहिक शादियाँ

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीष से सन्त निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा मैरिज ग्राउंड, निरंकारी कॉलोनी, दिल्ली में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ जिसमें 14 नव युगल परिणय-सूत्र में बंधे। नव-विवाहित जोड़ों को दिव्य युगल ने संयुक्त रूप में अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया। इस शुभ अवसर पर मिशन के श्रद्धालु भक्त, वर-वधु के माता-पिता एवं परिजन उपस्थित थे। निरंकारी मिशन द्वारा हर वर्ष सादा शादियों का आयोजन किया जाता है।

सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आरम्भ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी शादी के विशेष चिन्ह सांझा-हार द्वारा हुआ। उसके उपरांत निरंकारी लावों का गायन हुआ जिसकी प्रत्येक पंक्ति में नव विवाहित युगलों के सुखमयी जीवन हेतु अनेक कल्याणकारी शिक्षाएं प्रदत्त थी। सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी एवं वहां उपस्थित समस्त जनों ने नव युगलों पर पुष्प वर्षा करके उनके मंगलमयी जीवन की कामना करी।

नव विवाहित जोड़ों को पावन आशीर्वाद प्रदान करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि गृहस्थ जीवन के लिए यह आवश्यक है कि एक दूसरे को आपस में आदर एवं सत्कार देते हुए परिवारों को भी अपना मानकर एक सुखद वैवाहिक जीवन का वास्तविक रूप में आरम्भ किया जा सकता है। भक्ति मार्ग के लिए एक दूसरे को प्रोत्साहित करते हुए सेवा, सुमिरण एवं सत्संग के साथ जोड़े। गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारी को प्रेमपूर्वक संतुलन बनाकर जीये तभी एक सुखद जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है।

### पहाड़गंज स्कूल के 75वें प्लेटिनम जयंती पर निरंकारी सतगुरु का दिव्य आशीष

सभी प्यार से रहें, तालमेल और पढ़ाई का ज़ज्बा बना रहे, जिससे जीवन का सुन्दर विकास हो साथ ही मानवीय मूल्यों को अपनाकर एक बेहतर इन्सान बने। सन्त निरंकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, पहाड़गंज दिल्ली के 75वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय स्टाफ, टीचर्स तथा अन्य उपस्थित सज्जनों को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने उक्त आशीर्वाद प्रदान किए।

सतगुरु माता जी ने कहा कि आज इस विद्यालय का जो सजल रूप बना है निसंदेह यह लम्बी तैयारियों और 75 वर्षों के तप-त्याग का सुन्दर परिणाम है। शिक्षकों, प्रबन्धकों और छात्रों के लगातार किए गए प्रयासों से यह निखार आया है।

सतगुरु माता जी के उद्बोधन से पूर्व छात्रों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें सर्वप्रथम दिव्य युगल के आगमन पर एन.सी.सी. विंग के छात्रों ने सलामी देकर उनका स्वागत किया। प्राचार्या श्रीमती सीमा कोचर, चेयरपरसन श्रीमती आशा कपूर एवं विद्यालय के मैनेजर डा विजय शर्मा ने सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी का हृदय से अभिवादन किया।

आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा, संत निरंकारी मंडल सचिव एवं आदरणीय श्री राकेश मुटरेजा प्रभारी द्वारा दिव्य युगल के कर कमलों से नींव पत्रिका का विमोचन करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 75 वर्षों के इतिहास की डाक्यूमेंटरी भी दिखाई गई। श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहंशाह जी द्वारा आध्यात्मिक शिक्षा का प्रथम स्थान पहाड़गंज का प्राइमरी स्कूल बना जिसका व्यापक स्वरूप आज हम सभी को यहाँ प्रदर्शित हो रहा है।

कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विद्यालय से जुड़े अनेक महात्माओं को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमेन, मैनेजर, टीचर इत्यादि ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अंत में चेयरपरसन श्रीमती डा आशा कपूर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# गाजियाबाद में वोटिंग समाप्त, 5 बजे तक 48.21 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग सुबह 7 बजे से जारी है। 5 बजे तक 48.21 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक 17 बैलेट यूनिट, 40 कंट्रोल यूनिट और 107 वीवीपैट खराब पाए गए। कंट्रोल रूम की सूचना पर इन्हें बाद में बदलवाया गया।

संगम विहार की रहने वाली अनामिका नाम की दुल्हन ने आज शादी से पहले मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट डाला। अनामिका ने कहा- राष्ट्र धर्म सबसे पहले होता है। उसके बाद ही सारे धर्म होते हैं। महिला सुरक्षा, सफाई और राष्ट्र के विकास के नाम पर वोट किया है।

शाम 6 बजे तक वोटिंग चलेगी। गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र स्थित बूथ नंबर 647 पर ईवीएम रूखराब थी। इस वजह से 50 मिनट मतदान प्रभावित रहा। यहां 7.54 बजे मतदान



शुरू हो सका। वसुंधरा क्षेत्र अग्रसेन पब्लिक स्कूल पर बूथ नंबर 314 पर ईवीएम खराब हुई। इस वजह से यहां देरी से मतदान प्रारंभ हो पाया।

### 3195 पोलिंग बूथ बनाए गए

लोकसभा क्षेत्र में कुल 841 मतदान केंद्र और 3195 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। यहां 29 लाख 38 हजार 845 मतदाता हैं। गाजियाबाद में भाजपा से अतुल गर्ग, कांग्रेस से डॉली शर्मा, बसपा से नंदकिशोर पुंडीर सहित 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

इसमें तीन प्रत्याशी आपस में रिलेटिव हैं। नंदकिशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजे अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

# स्पाइडरमैन बनकर युवती के साथ किया बाइक से स्टंट, चालान

नई दिल्ली। नजफगढ़ में युवती को पीछे बैठाकर स्पाइडरमैन के कपड़े पहनकर बाइक से स्टंट करना एक युवक को भारी पड़ गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने युवक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर युवती के साथ पकड़ लिया। इसके बाद चालान काटकर दोनों को छोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले वीडियो वायरल हुआ था। इसमें स्पाइडरमैन बना युवक बाइक से सड़क पर स्टंट करते दिखा था। युवक-युवती ने हेलमेट भी नहीं लगा रखे थे। बाइक बिना नंबर प्लेट की थी और साइड मिरर भी नहीं लगे थे। जांच में दोनों की पहचान नजफगढ़ के मकसूदाबाद कॉलोनी निवासी आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई। बृहस्पतिवार को नजफगढ़ थाना पुलिस ने यातायात नियम की अनदेखी करने का मामला दर्ज कर दोनों को पकड़ लिया। जांच में पता चला कि लापरवाही से बाइक चलाकर स्टंट करने वाले आदित्य के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है।

# 100 गोलियां मारकर कारोबारी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## चार कारतूस और पिस्टल बरामद

नई दिल्ली। सोनीपत में शराब कारोबारी की 100 से ज्यादा गोलियां मारकर हत्या करने वाले शूटर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहित उर्फ मोजी थाना बुद्ध विहार में रंगदारी के मामले में प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर फायरिंग करने के मामले में भी वांछित था। इसके पास से चार कारतूस व पिस्टल बरामद बरामद की गई है। अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त सतीश कुमार के अनुसार, थाना बुद्ध विहार क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने सेक्टर-24, रोहिणी लकी प्रॉपर्टी के कार्यालय पर 27 फरवरी को गोलियां चलाईं थीं। आरोपियों ने गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी के नाम से दो करोड़ रुपये की रंगदारी का प्रापर्टी डीलर योगेश शर्मा को संदेश दिया था। शाखा में तैनात इंस्पेक्टर पंकज ठाकरान की टीम में तैनात हवलदार नरेंद्र और राजेश को गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी और अक्षय अंतिल के शूटर की जानकारी मिली। इंस्पेक्टर पंकज की देखरेख में एसआई अमित प्रजापति, एसआई धर्मेंद्र, हवलदार नरेंद्र व राजेश की टीम ने गंदा नाला, सेक्टर-11, रोहिणी पर घेराबंदी की। इस बीच ऑटो में आए संदिग्ध को पकड़ने की कोशिश की गई तो उसने पुलिसकर्मियों पर पिस्टल तान दी। पुलिसकर्मियों ने साहस दिखाते हुए गिझी रोड, घोलफोड़ पन्ना, दीप आर्य स्कूल के पास, खीरी सांपला, जिला रोहतक निवासी मोहित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मोहित ने खुलासा किया कि वह हरियाणा में डकैती, हत्या, हथियार अधिनियम के कई मामलों में शामिल रहा है। हिसार जेल में उसकी मुलाकात गैंगस्टर नरेश और राजू बसोदी से हुई। जमानत पर बाहर आने के बाद वह गिरोह में शामिल हो गया। राजू और नरेश के निर्देश पर मोहित ने साथियों के साथ मिलकर शराब कारोबारी नरेंद्र की हत्या कर दी। नरेंद्र को सौ से ज्यादा गोलियां मारीं गईं।

# संपादकीय

## भूख की त्रासदी झेलने के लिए लोग मजबूर

भूख की त्रासदी विश्व के कई हिस्सों में एक गंभीर समस्या है। लाखों लोग प्रतिदिन भोजन की कमी के कारण संघर्ष करते हैं, जो उनके जीवन को कठिन बना देती है।

### भूख के कई प्रमुख कारण हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं

**गरीबी :** गरीबी भूख का एक प्रमुख कारण है। कई लोग आर्थिक स्थिति के कारण पर्याप्त भोजन नहीं खरीद पाते हैं। इसके कारण उनके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

**संसाधनों की कमी :** कुछ क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों की कमी होती है, जैसे कि पानी, जिससे कृषि और खाद्य उत्पादन प्रभावित होता है।

**युद्ध और संघर्ष :** युद्ध और संघर्ष के कारण लोग विस्थापित हो जाते हैं और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इससे उनकी खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है।

**जलवायु परिवर्तन :** जलवायु परिवर्तन के कारण खेती के लिए उपयुक्त मौसम बदल जाता है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है।

राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता: राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के कारण लोगों को खाद्य संसाधनों तक पहुंचने में कठिनाई होती है।

**स्वास्थ्य समस्याएँ :** भूख के कारण कुपोषण, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

**शिक्षा में बाधा :** बच्चों के लिए भूख के कारण स्कूल में ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित होती है।

**समाजिक अस्थिरता :** भूख के कारण लोग अपराध, हिंसा, और अन्य सामाजिक अस्थिरताओं की ओर बढ़ सकते हैं।

**मानवाधिकारों का उल्लंघन :** भूख मानवाधिकारों का एक गंभीर उल्लंघन है, क्योंकि यह व्यक्ति के जीवन और गरिमा को प्रभावित करता है।

### समस्या को हल करने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं

**खाद्य वितरण कार्यक्रम :** कई सरकारें और संगठन भूख से प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य वितरण कार्यक्रम चलाते हैं।

**कृषि सुधार :** कृषि उत्पादन में सुधार करके खाद्य सुरक्षा को बढ़ाया जा सकता है। यह किसानों को मदद करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**सामुदायिक सहायता :** सामुदायिक संगठनों और स्वयंसेवकों के माध्यम से गरीब और भूख प्रभावित लोगों की मदद की जा सकती है।

**शिक्षा और जागरूकता :** शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को भूख की समस्याओं और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जा सकता है।

**सरकारी नीतियाँ :** सरकारें अपनी नीतियों में सुधार करके भूख की समस्या से निपटने के लिए कदम उठा सकती हैं, जैसे कि खाद्य सुरक्षा कानूनों का कार्यान्वयन। भूख की त्रासदी एक गंभीर समस्या है जिसे हल करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। सरकारों, संगठनों, और समुदायों को मिलकर काम करना चाहिए ताकि भूख से प्रभावित लोगों की सहायता की जा सके और इस समस्या का समाधान किया जा सके।

## कचरे के पहाड़, बड़ी चुनौती

दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ में लगी आग फिलहाल बुझा दी गई है, लेकिन आग से उठे धुंए ने आसपास के इलाके के लोगों की सांस अटका रखी है। लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। इस कचरे के पहाड़ की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। इलाके के दिल के कुछ मरीज परेशानी के चलते घर छोड़ रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली के कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच में जुटी हैं, लेकिन लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ में आग लगने की घटना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पिछले बीस वर्षों से कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है।

कचरे के पहाड़ की समस्या सिर्फ राजधानी दिल्ली या मुंबई महानगर तक सीमित नहीं है, बल्कि अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2,300 टन कचरा पहुंच रहा है और अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं। यहां फिलहाल तकरीबन 16 लाख टन कूडा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुई हैं। लैंडफिल साइट के पास लोगों का रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन लोग खून-पसीने की कमाई से अर्जित मकान छोड़ नहीं पा रहे हैं। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि विभिन्न रोगों के चंगुल में हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है।

दिल्ली में कचरे के पहाड़ में लगी आग से शहर में घुल रहे धुंए पर न केवल उपराज्यपाल, बल्कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। हैरानी की बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गए हैं, लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। नतीजतन कचरे का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता ही जाता है।

पूरे देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है, यानी प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है।

बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किए गए कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। औद्योगिक कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों पर और घरों से निकले कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ पांचवें हिस्से की रिसाइक्लिंग हो पाती है।

खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं, जो पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की वजह होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मीथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। अब छोटे शहर-कस्बों में भी में कचरे के लैंडफिलों की तादाद तेजी से बढ़ रही है।

आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, ऐसे में कई गुना कचरा बढ़ेगा। हमारे देश में अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर ने कचरा संग्रह और उसके निपटान व स्वच्छता में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिनसे कुछ सीख ली जा सकती है। कचरा प्रबंधन के मामले में हम दूसरे देशों से बहुत पीछे हैं।

विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक भारत में हर साल निकलने वाला कचरा 388 अरब किलो हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि लोगों को घरों में ही अलग-अलग डस्टबिन में कचरा रखने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि उसे रिसाइकल करने में आसानी हो। वैसे स्वच्छ भारत अभियान से स्थिति थोड़ी सुधरी जरूर है, पर अभी काफी कुछ करना बाकी है।

# क्या है विरासत टैक्स ? मंगलसूत्र, मुसलमान के बाद अब क्या अमेरिका मॉडल के बहाने आम लोगों की संपत्ति पर है कांग्रेस की नजर ?

**अभिनय आकाश**

अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और उसकी मृत्यु के बाद केवल 45 फीसदी संपत्ति बच्चों को मिलती है। बाकी सरकार के पास चली जाती है। जाहिर है आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर ये विरासत टैक्स है क्या जिसकी वकालत कांग्रेस नेता ने की है।

हर साल आम बजट के वक्त डायरेक्ट टैक्स या इनकम टैक्स के स्लैब में बदलाव के जरिए राहत की उम्मीद हर आम आदमी करता है। लेकिन अगर मैं आपसे कहूं कि आपके पैसे, आपकी संपत्ति में से सरकार अपना हिस्सा मांगेने लगेगी, तो आप चौंकेगे- क्या ? अगर आपको पता चले कि आपके दादा-परदादा के द्वारा अर्जित की गई संपत्ति में से आधा हिस्सा सरकार टैक्स के रूप में जब्त कर लेगी। आप कहेंगे ये क्या बात हुई भला ? वैसे तो आज से ठीक दो दिन बाद 13 राज्यों में 89 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान चल रहा होगा। लेकिन क्या दूसरे चरण का मतदान मंगलसूत्र, मुसलमान और संपत्ति पर होगा ? क्या इस बार मतदान का मुद्दा बदल जाएगा। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि पिछले एक दो दिन में चुनावी चर्चा के केंद्र में मंगलसूत्र, मुसलमान और संपत्ति की चर्चा तेज हो चली है। बीजेपी से लेकर कांग्रेस अपने अपने बयान और दावे हैं। विरासत टैक्स वाले बयान को बीजेपी के दिग्गजों ने मुद्दा बना लिया है। प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री तक ने कांग्रेस पर वार किया। प्रधानमंत्री ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, बाद भी। क्योंकि कांग्रेस की नजर जनता की गाढ़ी कमाई पर है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पार्टी अब एक्सपोज हो चुकी है और उसे अब अपने घोषणापत्र से सर्वे की बात हटा लेनी चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और उसकी मृत्यु के बाद केवल 45 फीसदी संपत्ति बच्चों को मिलती है। बाकी सरकार के पास चली जाती है। जाहिर है आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर ये विरासत टैक्स है क्या जिसकी वकालत कांग्रेस नेता ने की है।

### क्या होती है विरासत टैक्स

इनहेरिटेंस टैक्स जिसे हिंदी में विरासत कर कहते हैं उन लोगों पर लगाया जाता है जिन्हें अपने पूर्वजों से उनकी मृत्यु के बाद चल-अचल संपत्ति मिलती है। पैसा कमाने के लिए अभी सरकार के पास दो एक्ट है, पहला जीएसटी जिससे 2023-24 में 20.14 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन आराम से हो जा रहा है। दूसरा इनकम टैक्स है जिससे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 19.58 लाख करोड़ रुपए रहा है।

### 1953 में लगाया जाता था एस्टेट टैक्स

इतिहास पर गौर करें तो 1953 में पहली बार इनहेरिटेंस टैक्स लागू किया गया था। तब इसे एस्टेट टैक्स कहा



जाता था। इस टैक्स कानून के तहत ये टैक्स उन लोगों पर लगाया जाता था जिन्हें अपने पूर्वजों के मरने के बाद अपनी संपत्ति मिलती थी। पूर्वजों की मृत्यु के वक्त संपत्ति की कीमत के आधार पर ये टैक्स वसूला जाता था। भारत में तब एस्टेट टैक्स 85 फीसदी की दर से वसूला जाता था। हालांकि 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजवी गांधी के कार्यकाल के दौरान एस्टेट टैक्स को खत्म कर दिया गया था।

### किन देशों में विरासत टैक्स की व्यवस्था

अमेरिका ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस जैसे दुनिया के कई देशों में इनहेरिटेंस टैक्स वसूला जाता है। अमेरिका और ब्रिटेन में 40 फीसदी की दर से इनहेरिटेंस टैक्स वसूला जाता है। फ्रांस में अलग अलग स्लैब में 5 फीसदी से लेकर 60 फीसदी तक इनहेरिटेंस टैक्स वसूला जाता है। जापान में 10 फीसदी से लेकर 70 फीसदी तक एस्टेट टैक्स वसूले जाने का प्रावधान है। अमेरिका में विरासत कर आम नहीं है। वास्तव में 2023 तक केवल छह राज्यों में विरासत कर है। आयोवा, केंटुकी, मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसिल्वेनिया के निवासियों के लिए विरासत में मिली संपत्ति पर कर लगाया जाता है। आप विरासत कर का भुगतान करेंगे या नहीं यह विरासत की राशि और मृतक के साथ आपके रिश्ते पर निर्भर करता है।

### विरासत कर और संपत्ति कर में अंतर

विरासत कर संपत्ति कर के समान नहीं है। संपत्ति कर का आकलन संपत्ति के वितरण से पहले ही संपत्ति पर किया जाता है, जबकि वसीयत के लाभार्थियों पर विरासत कर लगाया जा सकता है। अमेरिका में कोई संघीय विरासत कर नहीं है, जबकि अमेरिकी सरकार बड़ी संपत्तियों पर सीधे कर लगाती है। यदि प्रासंगिक ह, तो संपत्ति से किसी भी कमाई पर आयकर लगाती है। विरासत कर छह अमेरिकी राज्यों आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसिल्वेनिया द्वारा एकत्र किए जाते हैं। आपकी विरासत पर कर लगेगा या नहीं, और किस दर से, यह उसके मूल्य, दिवंगत व्यक्ति के साथ आपके संबंध और जहां आप रहते हैं वहां प्रचलित नियमों पर निर्भर करता है। विरासत कर का आकलन उस राज्य या राज्यों द्वारा किया जा सकता है जहां मृतक रहता था या उसके पास संपत्ति थी।

### क्यों लगाया जाता है विरासत कर

विदेशों में इनहेरिटेंस टैक्स को कुछ हाथों में अकूत संपत्ति जमा करने से रोकने की दिशा में इसे बड़े कदम के तौर पर देखा जाता है। जिससे समाज में असमानता को खत्म किया जा सके। लेकिन भारत में परिस्थितियां थोड़ी अलग है। प्रॉपर्टी की बेंच मार्क या थ्रेस होल्ड लिमिट वैल्यू के मानक को लेकर विवाद हो सकता है। इससे अमीर लोगों के साथ ही मध्य वर्गीय लोगों के चपेट में आने का खतरा भी है।

### विरासत करों की गणना कैसे की जाती है

यदि कोई विरासत कर देय है, तो वह विरासत के केवल उस हिस्से पर लागू होता है जो छूट राशि से अधिक है। कर का आकलन आमतौर पर स्लाइडिंग आधार पर किया जाता है। दरें आम तौर पर एकल अंकों में शुरू होती हैं और 15 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक जाती है।

### भारत में विरासत में मिली संपत्ति पर अभी क्या है टैक्स के प्रावधान?

आयकर अधिनियम 1961 के अनुसार वसीहत या विरासत से हासिल की गई संपत्ति टैक्स के दायरे में नहीं आएगी। एक बार अगर आप विरासत में मिली संपत्ति के मालिक बन जाते हैं तो उसका नफा नुकसान भी आपको ही झेलना होगा। फायदा होने की स्थिति में आपको कैपिटल गेंस टैक्स देना होगा। इस कैपिटलल गेन का निर्धारण प्रॉप्टी पर कब्जे की समयसीमा से तय होगी। अगर आपको अपने पिता से कोई संपत्ति 2022 में मिली है और आप इसे अप्रैल 2024 में बेचना चाहते हैं तो इस प्रॉफिट पर आपको कैपिटल गेन देना होगा।

### इनहेरिटेंस टैक्स को रिसर्च ने माना खराब आर्थिक नीति में से एक

टैक्स फाउंडेशन की 2015 में छपी एक रिसर्च के अनुसार, संपत्ति और विरासत कर खराब आर्थिक नीति हैं। पूंजी स्टॉक पर लगाए गए कर नौकरी के अवसरों में बाधक हैं और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। इस रिसर्च में पता चला कि यूएस संपत्ति कर को निरस्त कर दे तो लगभग 150,000 नौकरियों का सृजन होगा और संघीय टैक्स में प्रति वर्ष 8 बिलियन का इजाफा होगा। कई देशों ने माना है कि संपत्ति और विरासत कर राजस्व का एक खराब स्रोत हैं और इन करों को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

### विरासत या एस्टेट टैक्स हटाने वाले देश

एस्टेट या इनहेरिटेंस टैक्स को हटाना आपको ज्यादा प्रगतिशील बनाता है और दूसरा ऐसे टैक्स वसूलने में बड़ी लागत आती है। संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया में सबसे अधिक संपत्ति करों में से एक है, इसलिए कई देश इस कर को खत्म करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2000 से ग्यारह देशों और दो कर क्षेत्राधिकारों ने अपने संपत्ति या विरासत करों को निरस्त कर दिया।

## सियासत के संग्राम में नारों का जोर-शोर

**अजय कुमार**

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था।

चुनाव के बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच चुनावी नारे खूब रंग जमाते रहे हैं। शुरुआती चुनाव से मौजूदा दौर तक चुनावी नारे सियासी दलों की विचारधारा की तस्वीर को जनता के बीच साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं नारों की पतवार के सहारे कई पार्टियों की नैया भी पार लगी है तो कई बार कुछ नारे जमीदोज भी हो गये। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है।

मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं।

लोकसभा चुनाव में सबसे पहला लोकप्रिय नारा सन 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ रहा। इस नारे की गूंज गली-गली तक रही और इंदिरा गांधी को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। असल में 1967 में जब इंदिरा गांधी चुनाव मैदान में उतरीं तो उस दौरान कांग्रेस का नारा सरकार बनाना खेल नहीं, इस दीपक में तेल नहीं सियासी फिजाओं में खूब गूंजा था, लेकिन 1971 में गरीबी हटाओ नारे के साथ इंदिरा गांधी ने लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम करने में सफलता हासिल की। आम लोगों के दिल को छूने वाला यही नारा एक बड़ा मुद्दा बन गया।

चुनाव प्रचार के दौरान इंदिरा गांधी लोगों से कहती थीं कि वह कहते हैं कि इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। इसी पर इंदिरा के समर्थन में एक और नारा लोकप्रिय हुआ...जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था। 1996 और 1998 के चुनावी मैदान में राजतिलक की करो तैयारी आ रहे अटल बिहारी को खूब लोकप्रियता मिली, लेकिन इसके बाद हुए आम चुनाव में बीजेपी का इंडिया शाइनिंग नारा पूरी तरह से धाराशायी हो गया था।

इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी का मुलायम तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं भी खूब गूंजा था। 2014 से 2019 लोकसभा चुनाव में हर-हर मोदी और मोदी है तो मुमकिन है का नारा भी चुनावी रणक्षेत्र में खूब गूंजा। भाजपा की हर रैली में इस नारे का शोर रहा। इसका असर यह रहा कि 2014 में भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से बढ़ा।

## चल ओ जिन्दे वोट पाणा

एनी करना हूण कोई बहाना,
एबकी बार वोट जरूर पाणा,
मिली जुली इक निग्गर जेई सरकारा जो बनाना,
तू बी चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।
से जे बणी गए फितरती हूण,
लोकां रियां भावनां ने खेली गए कदी जे कूँण,
तिना दल बदलुआं जो सबक सखाणा,
चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।
सौ पर्सेंट एबे मतदान करना,
लोकाँ जो बी इस खातर जागरूक बनाना,
अपने देशा परदेशा रे बच्यां रा भविष्य बनाना,
चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।
ईना पार्टियां पीछे आहाँ अपना रिश्ता नी बगाड़ना,
मिली जुली के निग्गर लोकतंत्र बनाना,
अपने वचारां आली पार्टिया जो जताना,
चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।
लोकाँ रे लुभावने लारेआं च नी आऊंना,
तीथी जे दिल मनो से ई बटन दबाना,
कहाओ ङ्घरैतां च अपना मान सम्मान बधाना,
चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।
वोटा आले दिन नोटा नी दबाना,
नवें पुराने वोटरां जो ए सखाणा,
जे करगे सौ परसेंट मतदान,
ताईं इक निग्गर लोकतंत्र बनना,
चल ओ जिन्दे वोट एबे जरूर पाणा।

# विरासत टैक्स-जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं साहब, मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार !



विरासत टैक्स के विचार के खिलाफ़ गरीब से अमीर तक के आक्रोश का तूफान उठने की संभावना को रेखांकित करना होगा

भारत का हर जागरुक नागरिक अपने बाप दादाओ से विरासत में मिली संपत्ति पर विरासत टैक्स देना बरदाशत नहीं करने की संभावना-वोट देकर जवाब देने की तैयारी एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है के दुनियां की कोई भी सरकार शासन प्रशासन आर्थिक स्तंभ के बिना खड़ी नहीं हो सकती सबसे बड़ी प्राथमिकता वित्तीय उपलब्धता करना है, जिसका एक ही मार्ग है टैक्स! टैक्स! टैक्स !पूरी दुनियां में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जो प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से टैक्स न लगता हो ।यानें अपने नागरिकों प्रवासियों अप्रवासियों पर बिना टैक्स लगाए कोई भी सरकार शासन प्रशासन नहीं चला सकती है। हर देश अपने नागरिकों पर अपनी परिस्थितियों स्थितियों के अनुसार टैक्स का प्रावधान करता है, जो अपने प्रतिवर्ष पेश होने वाले बजटमें कर दिया जाता है। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि व्यक्ति फर्म कंपनियां या फिरएचयूएफ जब तक जीवित हैं तब तक टैक्स भरेंगे जो लाजमी भी है, परंतु यदि व्यक्ति की मृत्यु पर उसके द्वारा पूर्ण टैक्स भरी हुई संपत्ति को उसके बेटों बेटियों या वंशजों को अगर वह संपत्ति हस्तांतरित की जाए तो उसपर भी भारी भरकम टैक्स लगाए जाने की बात अगर की जाए तो मेरा मानना है कि यह कुछ हद तक नाइंसाफी जरूर होगी। पिछले दो दिनों से विरासत टैक्स की चर्चा तब शुरू हुई जब पूर्व बड़े अधिकारी और बड़ी राजनीतिक पार्टी से जुड़े एक शख्सियत ने अमेरिका की तर्ज पर भारत में भी विरासत टैक्स शुरू करने के अपने विचार साझा किया तो, बात दूर तरह तलक चली गई। सत्ताधारी पार्टी ने मुद्दे को लपक लिया क्योंकि वैसे भी इलेक्शन महापर्व शुरू है,इसलिए माननीय पीएम महोदय ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार साझा कर विरासत टैक्स पर असहमति जता दी जबकि विरासत टैक्स भारत में पहले वसूला जाता था, जो 1985 में तत्कालीन पीएम ने समाप्त कर दिया था। जबकि कुछ समय पूर्व ही सत्ताधारी पार्टी के दो पूर्व वित्त मंत्री विरासत टैक्स की वकालत करते रहे हैं परंतु मेरा निजी मत है कि विरासत, टैक्स जिंदगी भर टैक्स तले दबे हैं, अब मौत के बाद तो छोड़ दो सरकार,क्योंकि विरासत टैक्स के विचार के खिलाफ गरीब से अमीर तक के आक्रोश का तूफान उठने की संभावना को रेखांकित करना होगा। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत का हरजागरूक नागरिक अपने बाप दादाओ से विरासत में मिली संपत्ति पर विरासत टैक्स देना बर्दाश्त नहीं करने की संभावना है,जो वोट देकरउ सका जवाब देगा। साथियों बात अगर हम विरासत टैक्स पर मचे घमासान की करें तो एक विपक्षीपार्टी से जुड़े बहुत पुराने नेताकेअमेरिका जैसा विरासत कर वाले बयान पर सियासी घमासान मच गया है ।हालांकि विरासत कर की अवधारणा भारत के लिए नई नहीं है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अतीत में इस विचार पर विचार किया है और दोनों दलों के नेता इसके पक्षधर रहे हैं। विपक्षी पार्टी के नेता द्वारा अमेरिका जैसा विरासत कर की वकालत करने के बाद भारत में चुनावी माहौल गर्म हो गया है। पार्टी नेता ने बयान पर चर्चा की ।इन दिनों सियासी पारा पूरी तरह से गर्म है। भाजपा और कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर भाजपा हमलावर है। पीएम अपनी रैलियों में आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति इकट्ठा कर बंदरबांट करेगी ।यह विवाद थमा नहीं था कि कांग्रेस नेत ने अमेरिका के विरासत कर की वकालत करके एक नई बहस छेड़ दी है। बयान के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीतियां देश को बर्बाद करने वाली हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने बुधवार को कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी मेहनत से बनाई संपत्ति का आधा हिस्सा छीन लिया जाएगा ।इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा था,अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है।

अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है,और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है ।आगे कहा, भारत में आपके पास ऐसा नियम नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता। इसलिए लोगों को इस तरह के मुद्दों पर बहस और चर्चा करनी होगी ।आगे कहा, यह एक नीतिगत मुद्दा है। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी नीति बनाएगी, जिसके माध्यम से धन का बांटना बेहतर होगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 25 अप्रैल 2024 को विरासत टैक्स पर विपक्षी पार्टी के बड़े लीडर के बयान की करें तो, विरासत टैक्स को लेकर पीएम के बयान पर स्पष्टीकरण दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस मेनिफेस्टो की बुकलेट लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में कहीं भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं है ।आगे कहा,सच यह है कि 1985 मेंतत्कालीन पीए ने इस विरासत टैक्स को खत्म कर दिया था। हमने कभी भी विरासत टैक्स का जिक्र नहीं किया। अरुण जेटली और जयंत सिन्हा जैसे भाजपा नेताओं ने विरासत टैक्स के पक्ष में वकालत की है।

वास्तव में यह हमारा नहीं, भाजपा का एजेंडा है ।आगे कहा, पीएम असत्यमेव जयते का प्रतीक हैं। उनका प्रचार झूठ पर आधारित है। वे बोल रहे हैं कि हमारे मेनिफेस्टो में प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र है। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि हमारे 50 पेज के मेनिफेस्टो में एक शब्द भी ऐसा नहीं है जो प्रॉपर्टी बांटने का जिक्र करता हो। पीएम ने हाल ही में अपने कई चुनावी भाषणों में कहा है कि कांग्रेस चुनाव जीतने के बाद माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर टैक्स लगाएगी।

साथियों बात अगर हम विरासतकर को जाननेऔर संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या की करें तोविरासत कर एक व्यक्ति द्वारा विरासत के हिस्से के रूप में मिली संपत्ति पर लगाया जाने वाला कर है। यह राज्य द्वारा लगाई जाने वाली कर व्यवस्था है। अमेरिका की विरासत कर या इनहेरिटेंस टैक्स व्यवस्था उस धन, संपत्ति पर लगती है जिसे कोई व्यक्ति मरने के बाद दूसरों के लिए छोड़ देता है। जिसे संपत्ति मिलती है उसे ही विरासत कर का भुगतान करना होता है। हालांकि, इस कर को लागू करने में कई कारकों की भूमिका होती है। ये कारक यह निर्धारित करते हैं कि कितना कर भुगतान किया जाना चाहिए और मृतक कहां रहता था, संपत्ति पाने वाले के साथ उनके रिश्ते कैसे थे।

सुप्रीम कोर्ट की नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) की व्याख्या के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# शार्ट न्यूज

## झांसी संसदीय सीट पर नामांकन के पहले दिन छह उम्मीदवारों ने खरीदे पर्चे

झांसी । उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड की झांसी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शासन की ओर से किये गये चाक चौबंद इंतजामों के बीच शुक्रवार को शुरू हुई। जिला निर्वाचन कार्यालय में नामांकन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी। मुख्य द्वार से नामांकन पत्र लेने के लिए आने वाले उम्मीदवारों और उनके समर्थकों के लिए बेरिकेडिंग लगाकर अलग अलग व्यवस्था की गयी। प्रवेश और निकासी के मार्ग अलग अलग बनाये गये। इतना ही नहीं महिला समर्थकों की जांच के लिए अलग से व्यवस्था की गयी। नामांकन के लिए पहले दिन छह उम्मीदवारों ने पर्चे खरीदे । नामांकन पर्चे लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अनुराग शर्मा, इंडिया समूह के उम्मीदवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में देवेश तिवारी, इंद्र सिंह, जयेश कुमार बजाज और विकास मोहन शर्मा ने पर्चे खरीदे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी।

## पुलिस ने संदिग्ध बच्चों से भरी बस पकड़ी

अयोध्या। अयोध्या पुलिस ने शुक्रवार को 93 बच्चों को लेकर जा रही प्राइवेट बस को पकड़ा है। बस में मौजूद चालक परिचालक समेत मौलवी से पुलिस पूछताछ कर रही है। इंटेलिजेंस की सूचना पर संदिग्ध अवस्था में जा रही बस को पुलिस ने पकड़ा है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का अंदेशा है कि ये सभी बच्चे बाहर के हैं, जिन्हें बिहार से होते हुए सहारनपुर के देवबंद ले जाया जा रहा था। एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग को सूचना मिली थी कि बिहार से बच्चों को ले जाया जा रहा है। जिसकी सूचना पर ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अयोध्या कोतवाली पुलिस ने बड़ी देवकाली स्थित पंचशील के पास नेशनल हाइवे-27 पर एक बस को रोका। बस की तलाशी के दौरान 93 संदिग्ध बच्चें मिले। सभी बच्चें एक समुदाय विशेष से है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पुलिस लाइन में पूछताछ कर रही है। जिसमें बच्चों के पास से मिले आधार कार्ड की सत्यता, सभी बच्चे कहां के रहने वाले है, इनके माता पिता कौन है समेत सभी पहलूओं पर पुलिस मामले में जांच में जुटी हुई है। थाना अयोध्या कोतवाली के थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया सभी बच्चों को बिहार प्रांत के अररिया से सहारनपुर के देवबंद ले जाया जा रहा था। बस में दो साल से 12 साल के बच्चे सवार थे। फिलहाल बस के ड्राइवर परिचालक और मौलवी से पूछताछ की जा रही है।

## बिजनौर में शादी के दिन दूल्हे की मौत

बिजनौर। बिजनौर में शादी के दिन दूल्हे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शुक्रवार को वह घर वालों के साथ शादी की रस्में निभाने मंदिर जा रहा था। तभी उसकी हालत बिगड़ गई। लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर जैसे ही घर पहुंची, शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। चीख-पुकार मच गई। इसके बाद शव घर लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। मामला अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव सीरवासूचंद का है। यहां भजन सिंह के बेटे नीतू कुमार (22) की शुक्रवार को बारात जानी थी। घर में खुशी का माहौल था। रिश्तेदार घर आए हुए थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। दोपहर एक बजे नीतू घर की महिलाओं के साथ गांव की धर्मशाला के पास बने मंदिर में पूजा करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह वहीं गिर गया। उसे घर वाले पास के अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दूल्हे को हार्ट अटैक आया था। नीतू कुमार की शादी गांव चौहड़वाला निवासी अनीता से होनी थी। मगर, जब दूल्हे की मौत की खबर वहां पहुंची, वहां भी मातम पसर गया। किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि नीतू की मौत हो चुकी है। नीतू कुमार सऊदी अरब से शादी के लिए अपने गांव सीरवासचंद आया था। लेकिन दुल्हन को घर लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

## शराब के अवैध कारोबार का पर्दाफाश

गाजीपुर। गाजीपुर के नंदगंज थाना पुलिस और एसओजी टीम ने शराब बनाने के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। साथ ही 15 लाख की कीमत की अवैध शराब के साथ शराब बनाने का उपकरण भी बरामद किया है। मौके से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवैध शराब सेप्टिक टैंक की आड़ में बनाई जा रही थी। लोकसभा चुनावों में इस शराब के नाजायज उपयोग की संभावना जताई जा रही है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी। नन्दगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में अवैध रूप से शराब बनाई जा रही है। इस सूचना पर जब एसओजी और नन्दगंज थाना पुलिस नारायनपुर गांव पहुंची, तो वहां पर भारी मात्रा में पैक शराब की बोतलें, शराब बनाने के उपकरण और रॉ मेटेरियल बरामद हुए। करीब 2800 शराब की बोतल वहां से बरामद की गयी हैं। यहां आसपास सेप्टिक टैंक देखा गया है। इसकी आड़ में शराब बनाये जाने की संभावना भी जताई जा रही है। बरामद शराब और उपकरणों की कीमत करीब 15 लाख आंकी गयी है।शराब अलग-अलग ब्रांड की अलग-अलग पैकिंग में है। ज्यादा संभावना यही है कि यहां शराब बनाकर पैक की जाती है। उन्होंने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। क्योंकि चुनावों के मद्देनजर ऐसी चीजों पर नियंत्रण आवश्यक है।

## चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश

मऊ। मऊ में मधुबन पुलिस के साथ SOG, सर्विलांस और स्वाट टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आजमगढ़ के निजामाबाद और मऊ के मधुबन में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में दो महिलाओं समेत 5 लोग शामिल थे। इनके द्वारा मुख्य रूप से आभूषण की दुकानों में दुकानदार को अपनी बातों में उलझाकर चोरी किया जाता था। अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों महिलाओं द्वारा दुकानदार को अपनी बातों में उलझा लिया जाता था। जिसके बाद इनके साथियों द्वारा दुकानदार द्वारा दिखाए जा रहे आभूषणों की चोरी कर ली जाती थी। इस काम में ये सभी बहुत माहिर हो चुके थे। लेकिन सीसीटीवी कैमरों की नजर से नहीं बच सके। मधुबन पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बाइक सवार कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें आजमगढ़ जिले के किशुनपुर निवासी अभिषेक सिंह उर्फ आकाश सिंह, ऋषभ सिंह उर्फ शेरू, कृष्णा सिंह उर्फ पंकज सिंह, अन्तिमा सिंह और रीना शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के कब्जे से लगभग 8 लाख रुपए के चोरी किए हुए आभूषण को बरामद किया है। पुलिस ने इनके पास से तीन तमंचा, छह कारतूस, पीली धातु के तीन बड़े लाकेट, 10 छोटा लाकेट, कान की बाली 12 जोड़ी, 3 नग, आठ अंगूठी, 10 नाक की कील, 14 गुरिया, एक कान का टाप्स बरामद किया।

## सड़क हादसे में 2 व्यक्तियों की मौत

सुलतानपुर। सुल्तानपुर डीजे लदे पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति और पिकअप पर सवार एक युवक की जान चली गई है। पिकअप सवार चार लोग घायल हुए हैं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना कादीपुर-अखंडनगर मार्ग के अलीपुर बाजार की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नरेंद्र मिश्रा (55) पुत्र स्व. कमला मिश्रा निवासी अलीपुर निमंत्रण से लौट रहे थे। वे अलीपुर बाजार के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही ष्ठछ्व लदे पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दिया और पेड़ से टकराकर पलट गया। उस पर लदा सामान भी बिखर गया। जबकि नरेंद्र मिश्रा बाइक लेकर खड्डे में जा गिरे। बाइक के परखचे उड़ गए। डीजे पर सवार लोगों को भी चोट आई और वे चीखने चिल्लाने लगे। तब राहगीर रुके और उन्हीं में से किसी ने एम्बुलेंस को फोन किया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से डीजे पर सवार सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया। नरेंद्र मिश्रा खाई में घंटों पड़े रहे दो बार एम्बुलेंस आई और उनका पता नहीं चला काफी खोज बीन के बाद उनका शव खड्डे में मिला। पिकअप पर सवार संजय उर्फ सनी (19) पुत्र रतीलाल निवासी सुम्माडीह थाना पवई आजमगढ़ को सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# गोकशी की खुली छूट देना चाहती है कांग्रेस

### कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है



मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देने की घोषणा कर कांग्रेस गोकशी की छूट देने की तरफ इशारा कर रही है।

संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा ये बेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है। कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो के जरिए देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है। इसका मतलब अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। यही नहीं कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच यूपीए की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किये थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था।

योगी ने सच्चर कमेटी और जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से 6 प्रतिशत मुसलमानों को देना चाहती है।

उन्होने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। योगी ने सवाल पूछा कि अगर ऐसा है तो गरीब, पिछड़ा और दलित कहां जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विभाजन के लिए फिर से साजिश रची रही है।

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि भाई-बहन दोनों अयोध्या जाना चाहते हैं। जब सरकार थी तब ये लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं, अब कहते हैं कि राम सबके हैं। यही इनका दोहरा चरित्र है। इनपर हमें विश्वस नहीं करना है। जब भी मौका मिलेगा ये धोखा देंगे। हमें धोखेबाज और भ्रष्टाचारियों से नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने वाली सरकार चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा वोट उन लोगों को नहीं मिलना चाहिए जो भारत माता की जय जयकार और वंदे मातरम गाने से भी संकोच करते हैं। ऐसे लोगों को वोट देने का मतलब भारत के खिलाफ साजिश करने वालों को सम्मान देने जैसा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसी सरकार को बनाने पर जोर देना होगा, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया हो। योगी ने कहा कि संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि जबसे आपने यूपी में बीजेपी की सरकार बनाई है, दंगाई को पता चल गया है कि दंगा कराया तो राम नाम सत्य है कि यात्रा निकल जाएगी।

# यूपी में गर्मी के तेवर तल्ख, सड़कों पर पसरा सन्नाटा



जौनपुर। उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर दिन पर दिन तल्ख होते जा रहे हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव आम जनजीवन पर दिखायी देने लगा है।

लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, जौनपुर, प्रयागराज समेत मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में पारा 38 से 43 डिग्री के बीच पहुंचने से सड़क और बाजार में सन्नाटा पसरने लगा है। सुबह दस बजे के बाद तेज धूप लोगों को परेशान करने लगी है जबकि दोपहर में गर्म हवायें लू में तब्दील होती दिखायी दे रही है। गर्मी के कारण सड़क और बाजारों में दोपहर 12 बजे के बाद आमतौर पर सन्नाटा देखा जा रहा है हालांकि शाम को बाजार और रेस्तरां वगैरह अभी गुलजार हो रहे हैं।

लोगों का मानना है कि तीसरे से सातवें चरण के मतदान में गर्मी उम्मीदवारों के साथ साथ चुनाव आयोग और मतदाताओं की भी परीक्षा लेगी।

जौनपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले के लोग गर्मी से हाल-बेहाल है। इन दिनों भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। लगातार तेज धूप और लू से जीव-जंतु से लेकर आम जनता बेहाल हो गई है। गर्मी मुश्किल बढ़ा रही है। लू के थपेड़े शरीर को झुलसा रहे हैं। आज शुक्रवार को तापमान बढ़ कर 43 डिग्री सेल्सियस गया। जौनपुर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा। 29 अप्रैल तक इसी तरह हीट वेव चलेगी, इसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। लू के कारण पूरे दिन सड़कों पर लोग खुद को कपड़ों में कैद करते दिखे। कोल्ड ड्रिंक और जूस की मांग बाजार में बढ़ गई है। सड़कों पर कम ही लोग निकले। गोमती के घाटों पर सन्नाटा दिखा। धूप से बचने के लिए लोग हर प्रयास करते दिखे।

# गोण्डा में लापरवाही बरतने में निजी अस्पताल सीज

एजेंसी

गोण्डा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के खोंडारे क्षेत्र में शुक्रवार को प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा की हुई मृत्यु के मामले में एक निजी अस्पताल को शुक्रवार को सीज कर दिया गया है।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि गौरा चौकी कस्बे में स्थित यशोदा हॉस्पिटल को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सीज कर दिया गया है और अस्पताल मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. रश्मि वर्मा ने बताया कि गुरुवार को केशवनगर ग्रांट निवासी रविंदर शर्मा ने प्रसव के लिए अपने पत्नी लल्ली देवी (30) को यशोदा देवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल में मौजूद डाक्टर राजेश ने ऑपरेशन करने के लिए 35 हजार रुपए जमा भी करवा लिए और आपरेशन रूम में लेकर चले गए। जहां ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने हंगामा काटा और मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की।

डा. वर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर करायी गयी जांचोपरांत प्रथमदृश्या दोषी पाये गये अनियमित तरीके से अस्पताल के संचालन पर हॉस्पिटल को आज सीज कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त अस्पताल मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराकर विधिक कार्यवही करायी जा रही है।

### अयोध्या में अश्लील वीडियो बनाकर वैश्यावृत्ति कराने का आरोप

अयोध्या। अयोध्या में अश्लील वीडियो के सहारे डरा-धमका कर वेश्यावृत्ति कराने का आरोप सामने आया है। जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने यह आरोप लगाया है। पीड़िता का दर्द सामने आने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता श्वेता राज सिंह ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर से मुलाकात कर न्याय की मांग की है। अधिवक्ता श्वेता राज सिंह के अनुसार एसपी ग्रामीण ने जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही है। पीड़ित महिला की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार रेस्टोरेंट में काम करने के दौरान एक व्यक्ति से उसका परिचय हुआ। 10 मार्च 2023 को उसने अपने परिवार से मिलाने के लिए अपने घर पर बुलाया। जिसके बाद खाने में नशीली दवा मिलाकर उसके साथ रेप किया।

# वसूली को चंदा कहने वाले, प्रसाद को चूरन कह रहे हैं : अखिलेश



इटावा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वसूली को चंदा कहनेवाले, अब प्रसाद को चूरन कह रहे हैं।

यादव ने शुक्रवार को कहा कि वसूली को चंदा कहनेवाले, अब प्रसाद को चूरन कह रहे हैं। कभी ये छियालिस में छप्पन वाली उल्टी गणित समझाते हैं।

इनका सब कुछ उल्टा-पुल्टा है, इसीलिए इस बार जनता इनको उलटने-पलटने जा रही है।

उन्होने कहा कि जनता सही पाठ पढ़ाने के लिए भाजपा की क्लास लेने को तैयार है, पहले चरण का लेक्चर हो चुका है, दूसरा सबक़ दिया जाएगा। आख़िरी चरण आते-आते जनता इनका पूरा इलाज कर देगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा जिले के जसवंतनगर में मैनपुरी के भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के समर्थन में सपा नेता शिवपाल सिंह यादव पर तंज कसते हुये कहा था कि उन्हे शिवपाल पर तरस आता है। आज इनकी क्या हालत हो गई है अगर कोई कार्यक्रम होता है तो उनको बैठने के लिए सोफा नहीं मिलता है, सिर्फ हत्था मिलता है और यह चूरन खाने के आदी हो गए हैं।

इस बयान के बाद सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पलटवार करते हुये कहा था कि ज्ञानी मुख्यमंत्री योगी को यह पता नही कि भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है। जहां तक चूरन खाने वाले व्यक्ति का सवाल है,आपको पता होना चाहिए कि इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है।

# एमबीबीएस छात्रा की हत्या, दोस्त पर एफआईआर

### हॉस्टल से 1 किमी दूर रेलवे ट्रैक पर मिला शव; 2 घंटे पहले मां से की थी बात



मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में गुरुवार रात मेडिकल छात्रा की हत्या कर दी गई। हॉस्टल से 1चरूदूर रेलवे ट्रैक पर शव मिला। वह मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्र थी। गुरुवार शाम को दोस्त के साथ हॉस्टल से बाहर गई थी। परिजनों ने दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

छात्रा 6: 30 बजे कॉलेज की लाइब्रेरी में थी। वहां से मम्मी-पापा को वीडियो कॉल की थी। छात्रा कृतिका चौहान औरैया के अजीतमल की रहने वाली थी। पिता राहुल चौहान इंटर कॉलेज में लेक्चरर और मां सुलेखा प्राइमरी स्कूल में हेड मास्टर हैं।

6 महीने पहले ही कृतिका ने बेगराजपुर के मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया था। वह कैंपस में ही गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। मौत की सूचना मिलते ही कृतिका के परिवार वाले मुजफ्फरनगर पहुंच गए हैं।

### छात्रा के पिता बोले- साथ पढ़ने वाला कुणाल बाहर ले गया

पिता राहुल चौहान ने मंसूरपुर थाने में बेटी के दोस्त के खिलाफ एप्लिकेशन देकर स्न्ढ्ढक्र कराई है। एप्लिकेशन में लिखा- मेरी बेटी कृतिका मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। मेरी बेटी को गुरुवार शाम उसके साथ पढ़ने वाला कुणाल सैनी बहला फुसलाकर कॉलेज से बाहर ले गया।

शाम 8 बजे के आस-पास उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। शाम होने के बाद मेरी बेटी कॉलेज कैंपस से कैसे निकली, इसमें मुझे वार्डन, कॉलेज प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की सीधी लापरवाही नजर आ रही है।

मुझे समय पर इसकी सूचना भी नहीं दी गई। रात 11 बजे जब मैं लगातार बेटी को फोन लगा रहा था तो मंसूरपुर थाना पुलिस ने मुझे घटना की जानकारी दी।

### कुणाल के घर वालों ने बताया- ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत

पुलिस के मुताबिक, कुणाल ने अपने परिजनों को बताया कि मेरे साथ एक लड़की घूमने आई थी। जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कुणाल के माता-पिता ने मंसूरपुर थाने में पहुंचकर इस बात की सूचना दी।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने भी छात्रा के लापता होने की सूचना दी। पुलिस कुणाल के माता-पिता के बताए जगह पर जब पहुंची तो छात्रा की डेड बॉडी पड़ी मिली।

पुलिस लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जिस एरिया से बॉडी बरामद हुई, वहां लोगों का आना-जाना नहीं होता। फ्रेट कॉरिडोर का किनारा है।

### देर रात तक तलाश की गई- हॉस्टल प्रशासन

मेडिकल कॉलेज के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रसनजीत ने बताया- हॉस्टल में रोजाना रात 9: 30 बजे छात्राओं की गिनती होती है। गुरुवार को काउंटिंग के दौरान कृतिका चौहान नहीं मिली। उसके नंबर पर कॉल की गई लेकिन नंबर नहीं लगा। फिर देर रात उसकी तलाश शुरू की गई। पहले कैंपस में फिर आसपास तलाश की गई। पुलिस को भी सूचना दी गई।

### सीसीटीवी में दोस्त के साथ जाती दिखी

एसपी सिटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हॉस्टल के सीसीटीवी चेक किए गए। कृतिका अपने साथ पढ़ने वाले कुणाल सैनी के साथ बाहर घूमने के लिए निकली थी। इसके बाद वह हॉस्टल नहीं पहुंची। हत्या है या आत्महत्या। यह कहना अभी मुश्किल है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया, कुणाल को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। कुणाल ने शुरुआती पूछताछ में इसे हादसा बताया था। लेकिन पुलिस के सख्ती करने पर वह बयान पलट रहा है। पुलिस ने अभी पूछताछ को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

# कल्याणपुर में मासूम से कुकर्म का प्रयास



कानपुर। कानपुर कल्याणपुर के निर्माणाधीन मकान में गेंद उठाने आए बच्चे के साथ मजदूर ने कुकर्म का प्रयास किया। विरोध और शिकायत करने पर मकान मालिक ने भी अभद्रता और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की तो सुनवाई करने की बजाए भगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को गिराकर पीटा। मारपीट के दौरान महिला के कपड़े तक फट गए। एसीपी के आदेश पर मामले में पांच दिन बाद गुरुवार को एफआईआर दर्ज हुई है। परिवार ने बच्चे का मेडिकल नहीं कराने का आरोप लगाते हुए दोबारा शिकायत की है। कल्याणपुर निवासी महिला ने बताया कि 21 अप्रैल की शाम उनका 9 साल का बेटा गेंद खेल रहा था, इसके चलते गेंद पड़ोसी के निर्माणाधीन मकान में चली गई। आरोप है कि इस पर मजदूर बजरंगी ने बेटे को बुलाकर उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। इस पर बच्चे ने रोते हुए घर पहुंचकर आपबीती बताई तो महिला बच्चे को लेकर मकान मालिक जगपाल सिंह के घर पहुंची। मकान मालिक ने मजदूर को फटकार लगाने की बजाए उल्टा पीड़ित परिवार को ही गाली गलौज करके भगा दिया। इसके बाद दंपति ने कल्याणपुर थाने में आरोपी मजदूर के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाए भगा दिया। शिकायत से गुस्साए बजरंगी ने मकान मालिक जगपाल सिंह, विजय कुमार उनकी पत्नी, आनन्द कुमार और दो अन्य लोगों ने दंपती को बच्चे के साथ ही पीटकर गंभीर रूप से घायल दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपितों ने मारपीट के दौरान छेड़छाड़ करते हुए उनके कपड़े तक फाड़ दिए। एसीपी अभिषेक पांडेय ने बताया कि मामले में अश्लीलता करना, छेड़खानी, मारपीट, पाक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर मारने वाला युवक गिरफ्तार

आगरा। आगरा में वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंक कर शीशे तोड़ने वाले एक युवक को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। युवक ने पूछताछ में कहा कि पत्थर मार कर शीशे तोड़ने में उसे मजा आता है। युवक खुद को एमबीए स्टूडेंट बता रहा था। आरोपी ने बुधवार देर शाम हजरत निजामुद्दीन से मुंबई जा रही राजधानी एक्सप्रेस पर भी पथराव किया था। आगरा कैंट आरपीएफ निरीक्षक शिशिर झा ने बताया कि आगरा में कई हाईस्पीड ट्रेनों वंदे भारत, गतिमान, राजधानी पर पथराव की शिकायतें मिल रही थीं। इसे लेकर कई दिनों से टीमें अलर्ट मोड पर थीं। बुधवार की देर शाम करीब 6: 36 बजे रुनकता और कीठम के बीच हजरत निजामुद्दीन से मुंबई जा रही राजधानी एक्सप्रेस (22222) पर पथराव की सूचना मिली।

आरपीएफ की टीम एक्शन मोड पर आई। राजधानी के एसी कोच ए-3 की बर्थ नंबर 17 का कांच टूटा था। हालांकि किसी यात्री को कोई चोट नहीं लगी थी। इससे एक दिन पहले गतिमान और शताब्दी पर भी पत्थर बरसाए गए थे।

टीमों ने कीठम के आसपास छानबीन की। आरपीएफ टीम ने कीठम के पास से वीरेंद्र कुमार पुत्र कप्तान सिंह निवासी गांव बिलहनी, डौकी को गिरफ्तार किया।

# पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

### सांसद ने दोबारा जांच की मांग की थी; कोर्ट 7 मई को आरोप तय करेगी

गोंडा। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन 7 सितंबर 2022 को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की सीडीआर की कॉपी भी मांगी है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 को बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। यौन शोषण मामले में पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया था।



### बृजभूषण का टिकट अब तक फाइनल नहीं, कटने की आशंका

बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से 2009 से लगातार सांसद हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट पर पांचवें फेज यानी 20 मई को वोटिंग होनी है। यहां 26 अप्रैल से नामांकन शुरू होगा। लेकिन, चुनाव के दौरान आरोप तय होने से चुनाव पर निगेटिव असर पड़ सकता है।

### बृजभूषण के लिए आगे क्या ऑप्शन है

वरिष्ठ एडवोकेट रितेश यादव बताते हैं कि अभी बृजभूषण शरण सिंह के पास ऊपरी अदालत में जाने का रास्ता बचा है। अगर सही तथ्य और सबूत दे पाए तो ऊपरी अदालत से बृजभूषण सिंह को राहत मिल सकती है। अगर उनके द्वारा दायर की गई याचिका पर कोई ठोस तथ्य नहीं है तो ऊपरी अदालत भी उनकी याचिका खारिज कर सकती है।

### आरोप तय होने का मतलब क्या है?

वरिष्ठ एडवोकेट रितेश यादव के अनुसार आरोप तय होने का मतलब है कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ वादी पक्ष और पुलिस की चार्जशीट में पर्याप्त सबूत पाए गए हैं। इसके आधार पर बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा चलाया जा सकता है। यदि आरोप तय हो जाते हैं तो उन आरोपों के साक्ष्य कोर्ट के सामने उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही बृजभूषण अपने बचाव पक्ष के साक्ष्य रखेंगे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही कोर्ट कोई फैसला सुनाएगी।

# शार्ट न्यूज

## वार्डविजर्ड इनोवेशंस का मुनाफा 3.97 करोड़ पर पहुंचा

वड़ोदरा। 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई-रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 3.97 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 93.34 लाख रुपये रहा था। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 128.25 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के यह 50.75 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल शुद्ध लाभ 13.43 करोड़ रुपये रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष के 8.85 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह से मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व 321.62 करोड़ रुपये रहा है जबकि जबकि मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में यह 239.28 करोड़ रुपये रहा था।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.3 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 4.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.03 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

## जीडीपी की रफ्तार सबसे तेज, दुनिया में मंदी की आशंका घटी; वित्त मंत्रालय का दावा

नई दिल्ली।वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिल रहा है। इसके साथ ही, वैश्विक आर्थिक वृद्धि परिदृश्य एक बार फिर उत्थान की राह पर है। इससे मंदी की आशंकाएं घटी हैं और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी की स्थिति बन रही है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर तनाव चिंता का विषय बना हुआ है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी मार्च की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और आरबीआई ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है। यह बताता है कि वैश्विक स्तर पर मुश्किल हालातों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने हाल ही में जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में 2023-24 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 फीसदी से बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में प्रगति के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन असमानताएं बरकरार हैं।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली। दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया। उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे उभरते बाजारों में भी वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत के लिए निर्यात गंतव्यों में विविधता से पारंपरिक बाजारों पर निर्भरता कम करने और क्षेत्र के लिए नए अवसर खोलने में मदद मिल सकती है।

## साइबर ठगी पर नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज; आरबीआई निर्देशों में जल्द करेगा बदलाव

नई दिल्ली। सरकार साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रही है। तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए जल्द ही अपने दिशानिर्देशों में बदलाव कर सकता है। नए निर्देशों के तहत, बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं। प्रतिदिन हजारों भारतीयों के बैंक खातों में फोन कॉल के जरिये सेंध लगाने की कोशिश की जाती है। सूत्रों ने कहा, ऐसी घटनाओं पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी। अभी बैंक ऐसे खातों को तब फ्रीज करते हैं, जब पुलिस रिपोर्ट दर्ज करती है।

# दलित युवाओं को उद्यमी बनाने में सहयोग करेंगे युवा शक्ति ट्रस्ट, डिक्की

नयी दिल्ली। भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) और दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) ने 5000 दलित उद्यमियों को रोजगार निर्माता बनने में मदद करने के लिये शुक्रवार को यहां एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

इस समझौते पर राजधानी में एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किये गये। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि इसके तहत लक्षित उद्यमियों में से 20 प्रतिशत दलित महिलायें होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से, बीवाईएसटी और डिक्की 1000 दलित युवा उद्यमियों को परामर्श प्रदान करेंगे। इन युवाओं को उद्यमिता, बैंकिंग के तरीकों, ग्राहक के साथ संबंध, बुक कीपिंग, परियोजना की तैयारी और बिक्री से जुड़े सॉफ्ट स्किल आदि की बुनियादी अवधारणाओं पर बीवाईएसटी के मेंटर और मेंटर क्लीनिकों के नेटवर्क के जरिये परामर्श दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि यह निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम (एंट्रेप्रेन्योर ऑनलाइन लर्निंग-ईओएल) दो से तीन दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम उन्हें अपने विचार को बेहतर बनाने और ठोस व्यावसायिक योजनाओं में बदलने में मदद करेगा। बीवाईएसटी और डीआईसीसीआई आसानी से स्थापना और व्यवसाय चलाने की सुविधा के लिये प्रति व्यक्ति औसतन चार लाख रुपये के ऋण के साथ 250 दलित युवाओं को क्रेडिट लिंकेज और सलाह सहायता भी प्रदान करेंगे।

क्रेडिट तक पहुंच बीवाईएसटी के संस्थागत ऋण भागीदारों जैसे बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक, आईडीबीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

डिक्की के बड़े सपने देखने वाले दलित उद्यमी सदस्यों को सस्टेनिंग एंट्रेप्रेन्योरशिप एंड ग्रीन बिज़नेस प्रोग्राम के तहत भी प्रशिक्षण और समर्थन मिलेगा, जिसके तहत (ईएसजी) पर्यावरण, सामाजिक, लैंगिक और संचालन से जुड़े पहलुओं की बुनियादी समझ और इस समझ को व्यावसाय से जोड़ने के तरीके भी सिखाये जाते हैं। इन उद्यमियों का न्यूनतम टर्नओवर 10-20 लाख के बीच होता है और ये प्रत्यक्ष रूप से न्यूनतम 8-10 जॉब पैदा करते हैं।

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, सुश्री लक्ष्मी वेंकटरमण वेंकटेशन ने इस समझौते पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, दलित युवाओं के सामने उद्यमी बनने में पूंजी, संसाधनों तक सीमित पहुंच और परामर्श समर्थन जैसी मुश्किलें ज्यादा रहती हैं, जो उनकी सफलता में बाधा डालती हैं। बैंकिंग और कॉरपोरेट क्षेत्र में न्यायसंगत पहुंच को सुविधाजनक बनाना और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। वेंकटेशन ने कहा, इस संस्था का लक्ष्य है, भारत के वंचित युवाओं को रोजगार ढूंढने के बजाय रोजगार निर्माता बनने में मदद करना। यह साझेदारी, भारत में दलित उद्यमिता को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ करती है।

डिक्की के संस्थापक अध्यक्ष, पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले ने इस मौके पर कहा कि इस पहल के तहत बड़े और छोटे दोनों किस्म के प्रतिस्पर्धी विनिर्माण उद्यमों की स्थापना तथा इन्हें बनाये रखने और शेष विश्व के लिये मेक इन इंडिया के दृष्टिकोण को साकार करने के लिये ज़रूरी है कि दलित उद्यमियों को समर्थन दिया जाये, मज़बूती प्रदान की जाये और सशक्त बनाया जाये और बीवाईएसटी के साथ यह साझेदारी व्यावहारिक समावेशी विकास के लिये अनुसूचित जाति उद्यमिता की महत्वपूर्ण क्षमता का उपयोग कर आर्थिक विकास को गति दे सकती है। डिक्की के वर्तमान अध्यक्ष, पद्मश्री रवि नर्रा ने इस अवसर पर कहा, डिक्की ने इच्छुक और मौजूदा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उद्यमियों की पहचान करने के लिये पांच स्थानों (पुणे, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, भोपाल, जयपुर) में बिजनेस फैसिलिटेशन सेंटर (बीएफसी) की स्थापना की है, ताकि उन्हें एक उच्च पेशेवर उद्यमशील परितंत्र के दायरे में लाया जा सके और सफलता के लिये उनकी मदद की जा सके।

# पतंजलि फूड्स खरीद सकती है, पतंजलि आयुर्वेद का गैर-खाद्य उत्पादों का व्यवसाय

नयी दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड (कंपनी) ने शुक्रवार को बताया कि से पतंजलि आयुर्वेद लि (पीएएल) के गैर-खाद्य उत्पादों के व्यवसाय के अधिग्रहण का प्रस्ताव मिला है और कंपनी इस पर विचार करने के लिये सिद्धांत रूप से सहमत हो गयी है।

कंपनी के सूत्रों के अनुसार इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर पतंजलि फूड्स के पोर्टफोलियो में गैर खाद्य उत्पादों की एक लंबी सूची शामिल हो सकती है, जिसमें पर्सनल केयर, डेंटल केयर और होम केयर उत्पादों की एक अच्छी खासी सूची जुड़ने की संभावना है।

समूह की एक विज्ञप्ति के मुताबिक पतंजिल फूड्स के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने शुक्रवार की बैठक में, पीएएल की ओर से मिले प्रारंभिक प्रस्ताव पर चर्चा की। पीएएल इस समय दंतकांति, केशकांति, गोनाइल इत्यादि ब्रांडों के तहत पर्सनल केयर, हेयरकेयर ,डेंटलकेयर, हाइजीन और होमकेयर उत्पादों का कारोबार करती है।

बयान में कहा गया है, पजंजलि फूड्स के निदेशक मंडल ने किसी भी तरीके से पीएएल के गैर-खाद्य पोर्टफोलियो के साथ तालमेल बढ़ाने के सबसे कुशल तरीके का मूल्यांकन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसके लिये कंपनी के अधिकारियों को प्रस्ताव का समुचित आकलन करने, पेशेवरों को नियुक्त करने, प्रस्ताव के नियमों और शर्तों पर बातचीत करने और इसकी रिपोर्ट ऑडिट समिति और निदेशक मंडल के विचार के लिए प्रस्तुत करने को अधिकृत किया गया है।

पतंजलि फूड्स ने अपने उत्पादों की सूची समृद्ध करने के लिये पतंजलि नेचुरल बिस्कुट प्राइवेट लिमिटेड के बिस्कुट व्यवसाय का मई, 2021 में 60.03 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया था। कंपनी ने मई 2022 में पीएएल से 3.5 करोड़ रुपये में नूडल्स और नाश्ते के अन्न का कारोबार तथा पीएएल के खाद्य व्यवसाय को 690 करोड़ रुपये में खरीद लिया था।

पतंजलि फूड्स लिमिटेड ( पूर्व नाम रुचि सोया इंडस्ट्रीज ) भारत में दैनिक प्रयोग की उपभोक्ता वस्तुओं का के शीर्ष कारोबारियों में है। कंपनी खाद्य तेल, खाद्य और एफएमसीजी और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि जैसे ब्रांडों के माध्यम से काम करती है।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

मुंबई। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, मारुति, एसबीआई और रिलायंस समेत 24 दिग्गज कंपनियों के करीब आठ प्रतिशत तक लुढ़कने से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 73,730.16 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,587.77 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 47,239.29 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3913 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1993 में तेजी जबकि 1788 में गिरावट रहा वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 33 कंपनियां लाल जबकि 17 हरे निशान पर रही।

बीएसई के आठ समूहों में गिरावट का रुख रहा। वित्तीय सेवाएं 0.68, दूरसंचार 0.15, यूटिलिटीज 0.09, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.21, धातु 0.07 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा।

# मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 48 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 47.80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,877.8 करोड़ रुपये रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2623.6 करोड़ रुपये रहा था।




कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक के बाद अध्यक्ष आर सी भार्गव ने वुर्चअल संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा कि उच्च बिक्री मात्रा, अनुकूल कमोडिटी कीमतों, लागत में कमी के प्रयासों और उच्च गैर-परिचालन आय के कारण मुनाफे में यह बढोतरी हुयी है। वित्त वर्ष 2024 की मार्च तिमाही में परिचालन से कंपनी का कुल राजस्व 38,235 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 32,048 करोड़ रुपये था।

उन्होंने कहा कि इस तिमाही में कंपनी ने कुल 584,031 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13.4प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इस दौरान 78,740 वाहनों का निर्यात किया जो वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही के 64,719 वाहनों के निर्यात की तुलना में 21.7प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी लगातार तीसरे साल शीर्ष निर्यातक बनी रही है और यात्री वाहन निर्यात में उनकी कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 41.8 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पांच रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर 125 रुपये का लाभांश देने का प्रस्ताव किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में 90 रुपये लाभांश दिया गया था।

भार्गव ने कहा कि कंपनी ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में 20 लाख से अधिक वाहनों की बिक्री की है।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन- दाल में मजबूती, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। खोपरा बूरा महंगा बिका। खाद्य तेलों में भाव नरमी लिए बताए गए। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में उठाव से तेज़ी हुई। दलहनों में मिश्रित रंगत दर्ज की गई। दाल- चावल में उठाव सामान्य वत बना रहा।



### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख से भाव बने रहे। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से स्थिर रहा। साबूदाना में साधारण बताई गई।

खोपरा बूरा महंगा बिका।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में नरमी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज पूर्व स्तर पर थमा रहा।

दाल-दलहन

दलहन मिश्रित रंगत लिए बताए गए। आज चना कांटा ऊंचा होकर बिका। ?वहीं मूंग सस्ती हुई। दालों में पूछपरख के चलते भाव मजबूत बने रहे। चावल में उठाव साधारण रहा।

### किराना

शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2500 से 4800 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 285 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5000 से 5800, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1490 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 925 से 930, साल्वेंट 880 से 885, पाम तेल 980 से 985 रुपये प्रति 10 किलो।

दलहन

चना (कांटा) 6400 से 6450, चना विशाल 6000 से 6300, मसूर 6000 से 6050, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 8500 से 8700, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 15000 से 15100, तुअर दाल फूल 16000 से 16100, तुअर दाल बोल्ड 16900 से 17000, आयातित तुअर दाल 14000 से 14100, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10400 से 10700, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4100 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# विरासत टैक्स सीधे मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालेगा

## मतदान के बाद बोलीं वित्त मंत्री

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बंगलूरू में मतदान करने के बाद विरासत टैक्स पर बात की। उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग पर प्रतिकूल असर डालता है, जिससे उनकी गाढ़ी कमाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, %यह (विरासत टैक्स) सीधे मध्यम वर्ग पर प्रहार करता है। वे कड़ी मेहनत करते हैं, उनका पसीना और मेहनत इधर-उधर की छोटी-छोटी बचतों के रूप में बचती है, या तो वे सपनों का घर खरीद लेते हैं या कुछ फिक्स्ड डिपॉजिट रख लेते हैं। अगर विरासत टैक्स लगाई जाती है तो ये सभी प्रभावित होंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने ये बातें बेंगलुरु में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद कही।



### मेहनत की कमाई से पैसे बचाने के लिए किसी को दंडित नहीं किया जाना चाहिए

शुक्रवार को बंगलूरू के जयनगर में मतदान के बाद वित्त मंत्री सीतारमण ने विरासत टैक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत करने वाले मध्यम वर्गीय परिवारों पर विरासत टैक्स लगाने से पड़ने वाले प्रभावों पर चिंता व्यक्त की। वित्त मंत्री की ओर से यह प्रतिक्रिया सैम पित्रोदा की ओर से विरासत टैक्स पर चर्चा शुरू करने के बाद आई। उन्होंने कहा कि केवल अपना बचत बनाए रखने के लिए पैसे जोड़ने वालों को दंडित करने से पिछले कई दशकों में हासिल आर्थिक लाभ सामाप्त हो सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 1968 में एक अनिवार्य जमा योजना थी जहां लोगों की जमा राशि 18 प्रतिशत 20 प्रतिशत थी। इसमें से कुछ छीन लिया गया। उस समय उसका कोई कारण नहीं बताया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर धन सर्जकों को सिर्फ इसलिए दंडित किया जाएगा कि उनके पास कुछ पैसा बचा हुआ है, तो पिछले दस वर्षों में हुई भारत की प्रगति शून्य हो जाएगी।

### कांग्रेस के राज में एक समय ऐसा था जब लोगों को 90 प्रतिशत कर देना पड़ता था

सीतारमण ने कांग्रेस के समय की उस स्थिति को भी याद किया जब 90 प्रतिशत कर की दर लागू की गई थी वित्त मंत्री ने इसके साथ ही समाजवादी मॉडल और वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण के बीच विरोधाभास का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने 90 प्रतिशत कर लगाया था। आप शायद विश्वास नहीं करेंगे कि वर्तमान पीढ़ी को इसके बारे में कुछ भी याद नहीं होगा या पता भी नहीं होगा। एक ऐसा भारत था जहां कांग्रेस के शासन में हम अपने द्वारा अर्जित सभी आय का 90त्न कर के रूप में भुगतान करते थे। क्या यह वह समाजवादी मॉडल है जिसके साथ कांग्रेस पार्टी सहज है।

कर्नाटक में चल रहे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा-जद (एस) गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर दिख रही है। राज्य में दूसरे चरण के दौरान 14 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

# गो फर्स्ट से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट का डीजीसीए को निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को निर्देश दिया कि वह गो फर्स्ट एयरलाइंस को पट्टे पर दिए गए अपने विमानों को डी-रजिस्टर करने के लिए कई विमान पट्टेदारों द्वारा भेजे गए आवेदनों का पांच कार्य दिवसों के भीतर निपटारा करे। अदालत ने संकटग्रस्त एयरलाइंस गो एयर की ओर से इन विमानों को उड़ाने पर भी रोक लगा दी।

## एसबीआई लाइफ का मुनाफा 4 प्रतिशत बढ़ा

एसबीआई लाइफ ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 की आखिरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई तिमाही में कंपनी का मुनाफा 4त्न बढ़कर 811 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट के शुद्ध मुनाफे में 45 प्रतिशत का इजाफा

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़कर 1,218 करोड़ रुपये हो गया। पुणे स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 840 करोड़ रुपये था। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयरों में चौथी तिमाही के नतीजों के बाद चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.282 अरब डॉलर घटा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.282 अरब डॉलर घटकर 640.334 अरब डॉलर रह गया।

## सेबी ने आठ कंपनियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को आठ इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। नियामक ने इन कंपनियों की ओर से फ्रंट रनिंग गतिविधियों से अर्जित 1.3 करोड़ रुपये के गैरकानूनी लाभ को भी जब्त कर लिया।

# शार्ट न्यूज

## नौकायन में नेत्रा कुमानन ने भारत का दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

नयी दिल्ली। टोक्यो ओलंपियन नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हायरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' में ओलंपिक क्वालीफायर के नौकायन मुकाबले में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा हासिल किया। महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में प्रतिस्पर्धा करते हुए नेत्रा ने 67 अंक हासिल करते हुए ओवरऑल लीडरबोर्ड पर वह पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि, उन्होंने वर्ल्ड सेलिंग इमर्जिंग नेशंस प्रोग्राम (ईएनपी) के तहत नौकाचालकों के बीच शीर्ष प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक कोटा हासिल किया। महिलाओं की डिंघी में, ओलंपिक कोटा सबसे पहले शीर्ष तीन सेलरों ने हासिल किया - रोमानिया की एब्रू बोलाट (36 अंक), साइप्रस की मारिलेना माक्री (37) और स्लोवाकिया की लिन प्लेटिकोस (54 अंक), जबकि छह बार की ओलंपियन तातियाना ड्रोजडोव्स्काया इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा करते हुए (59 अंक) चौथे स्थान पर रहीं और चूक गईं। इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल 17 भारतीय नौकाचालकों ने 21 से 26 अप्रैल तक लास्ट चांस रेगाटा 2024 में प्रतिस्पर्धा की। हालांकि, केवल कुमानन ही शीर्ष 10 में रहे।

## सेंट स्टीफंस ने एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज को आठ रन से हराया

नयी दिल्ली। सेंट स्टीफंस कॉलेज ने पारस की घातक गेंदबाजी के दम पर एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज को आठ रन से हरा दिया है। पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज द्वारा आयोजित द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट स्टीफंस कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर शिव अर्पित बिष्ट (29) और युग गुप्ता (29) की मदद से छह विकेट के नुकसान पर 142 रन स्कोर खड़ा किया। एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज की ओर से राहुल जोशी ने तीन विकेट झटके। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एस.जी.एन.डी. खालसा कॉलेज टीम को पारस ने 24 रन देकर छह विकेट चटकाते हुए 14.4 ओवर में 134 पर समेट दिया। खालसा कॉलेज की ओर से प्रियांश राठी ने 66 रन बनाए। पारस ने 6 और अंकित ने 3 विकेट चटकाए। सेंट स्टीफंस कॉलेज के पारस को मैन ऑफ द मैच रहे।

## ब्राजील की महिला फुटबॉल खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की

ब्राज़िलिया। ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया, अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। उन्होंने कहा, एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला )17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

## न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मैच में पाकिस्तान को चार रन से हराया

लाहौर। टिम रॉबिन्सन (51) रनों की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद विलियम ओ रूर्के की धारदार गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। गद्दाफी स्टेडियम में गुरुवार को 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान की शरुआत खराब रही और 46 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुये। फखर जमान ने 45 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुये। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके।

## पैरा शूटिंग विश्व कप में मोना ने स्वर्ण और आमिर ने रजत पदक पर जमाया कब्जा

नई दिल्ली। भारतीय पैरा-शूटर मोना अग्रवाल ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि सेना के आमिर अहमद भट्ट ने 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। मोना ने फाइनल में 250.8 के स्कोर के साथ आर2 -10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्वर्ण पदक जीता। पिछले महीने नई दिल्ली में विश्व कप में इसी प्रतियोगिता में जीत के बाद यह उनका इस वर्ष का दूसरा विश्व कप खिताब है। स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा (250) और स्वीडिश निशानेबाज अन्ना बेन्सन (228.8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। 37 वर्षीय मोना फाइनल में अच्छी लय में दिखीं। उनके सभी 24 शॉट 10 अंक से ऊपर थे। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया। दिसंबर 2021 में शूटिंग शुरू करने से पहले मोना ने शॉट पुट और पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

## यूएनआरडब्ल्यूए पर बिना ठोस सबूत के इजरायल के हमले अस्वीकार्य : चीनी दूत

संयुक्त राष्ट्र। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिये संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) पर इजरायल के हमले ठोस सबूत के बिना अस्वीकार्य हैं। संयुक्त राष्ट्र में एक चीनी दूत ने बुधवार को यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र में चीन के उप स्थायी प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने कहा कि इजरायल ने आतंकवाद संबंधों को लेकर यूएनआरडब्ल्यूए पर गंभीर आरोप लगाये हैं, जिसके लिये अभी तक कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। चीन इस बात को लेकर चिंतित है । उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया, चीन के लिये ठोस सबूत के बिना, यूएनआरडब्ल्यूए पर हमला करना और यहां तक कि पूरे यूएन प्रणाली के खिलाफ झूठे आरोप लगाना अस्वीकार्य है। पूर्व फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के नेतृत्व में एक स्वतंत्र समीक्षा पैनल ने अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए की तटस्थता सुनिश्चित करने और गैर-अनुपालन के लिये जवाबदेह लोगों को जवाब देने और उन्हें पकड़ने की क्षमता सुनिश्चित करने के लिये यूएनआरडब्ल्यूए के पास कई वर्षों से महत्वपूर्ण संख्या में मजबूत तंत्र मौजूद हैं।

## माल्या को वापस लाने की तैयारी

भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। द इंडियन एक्सप्रेस ने रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी केडी देवल शामिल हुए थे।

# देशभर के 25 शहरों से 100 से अधिक राइडर्स आएंगे: सूद

शिमला। शिमला भारत की सबसे पसंदीदा साइकिलिंग चुनौती का ग्यारहवां संस्करण भारत के 25 शहरों और चार देशों के साइकिल चालकों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा देखने के लिए तैयार है।

फ़ायरफ़ॉक्स, आउटडोर एडवेंचर गियर की दुनिया में अग्रणी, गर्व से 11वें फ़ायरफ़ॉक्स एमटीबीशिमला के प्रायोजन की घोषणा करता है, जो शीर्षक प्रायोजक के रूप में अपनी शुरुआत का प्रतीक है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम। हिमालय की लुभावनी शिवालिक रेंज की पृष्ठभूमि में, यह वार्षिक माउंटेन बाइकिंग असाधारण कार्यक्रम धैर्य, कौशल और साहसिक भावना का एक रोमांचकारी प्रदर्शन होने वाला है।

राष्ट्रीय चौंपियन अक्षितगौर, युगल ठाकुर, अंकुशर्या, गौरव नेगी, राजवीर के साथ-साथ महिला राष्ट्रीय चौंपियन प्रियंका मेहता, सुनीता श्रेष्ठ, दिविजसूद सेवाओं की टीमों और राष्ट्रीय राइडर्स की मेजबानी के साथ देखने लायक प्रमुख चेहरे होंगे।

एमटीबी शिमला 2024 का 11वां संस्करण भारत का सबसे पसंदीदा एमटीबीरेस बन गया है, जिसमें 3000 मीटर की ऊंचाई के साथ 120 किमी की कुल दूरी को कवर करने वाला एक चुनौतीपूर्ण 2-स्टेज प्रारूप शामिल है।

11वीं फायरफॉक्स एक्ससीएम और एक्ससीओ फॉर्मेटरेस के साथ राइडर्स को चुनौती देगी। जहां राइडर्स के कौशल को दो प्रारूपों पर परखा और चुनौती दी जाएगी। यह मार्ग प्रतिभागियों को घने जंगलों, नदी पार करने, ऊबड़-खाबड़ इलाकों और खूबसूरत घास के मैदानों से होकर ले जाएगा, जो परम ऑफ-रोडिंग रोमांच की पेशकश करेगा।




एमटीबी द्वारा संचालित, यह आयोजन पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है, जिसमें दुनिया भर से प्रतिभागी शामिल हुए हैं। इस वर्ष, भारत भर के 25 से अधिक शहरों के घुड़सवार 'शिवालिकों के राजा'' की उपाधि के लिए होड़ करने के लिए शक्तिशाली शिवालिक पर्वत श्रृंखला में एकत्रित होंगे। 2011 में अपनी शुरुआत के बाद से, दौड़ ने देश में क्रॉस-कंट्री रेसिंग स्पर्धाओं के लिए एक मानदंड स्थापित किया है, नई प्रतिभाओं को बढ़ावा दिया है और शिमला को एक प्रमुख माउंटेन बाइकिंग गंतव्य के रूप में बढ़ावा दिया है। एमटीबी के प्रमुख मोहित सूद ने इवेंट की वृद्धि पर उत्साह व्यक्त किया और माउंटेन बाइकिंग समुदाय के दायरे में शिमला की वैश्विक स्थिति को ऊपर उठाने के प्रयास जारी रखने का वादा किया।

वर्ष 2012 में स्थापित, फायरफॉक्स एमटीबी शिमला, भारत में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला एमटीबी साइक्लिंग चौलेंज सिर्फ दौड़ से कहीं अधिक बन गया है; यह फेड्रेनालाईन, साहसिक और सौहार्द का एक सुरक्षित त्योहार बन गया है। पूरे देश से राइडर्स ऊबड़-खाबड़ इलाकों और एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने के लिए इकट्ठा होते हैं, अपनी महिमा के क्षण का दावा करने के लिए अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत जीत के बारे में नहीं है, बल्कि इसके बारे में भी है किसी के शहर का प्रतिनिधित्व करते हुए, माउंटेन बाइकिंग कैपिटल ऑफ इंडिया के प्रतिष्ठित शीर्षक के साथ। यह कार्यक्रम दर्द, खुशी और अंतिम अवसर के एक बेजोड़ मिश्रण का वादा करता है जो केवल हिमालय ही पेश कर सकता है। पूरे देश से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभावानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, रोडटू हिमालय पहल शुरू की गई है, जो भारत भर के 10 शहरों में सिटी क्वालीफायर का आयोजन कर रही है। शहर-शिमला, पुणे, गुड़गांव, हलद्वानी, जयपुर, त्रिशूर, चेन्नई, गुवाहाटी, कश्मीर और मैसूर, जो फिर 'शिवालिक के राजा,रानी' के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन क्वालीफायर्स का लक्ष्य 11वें फायरफॉक्स एमटीबी हिमालय शिमला में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रत्येक शहर के शीर्ष राइडर्स की पहचान करना और उन्हें एक साथ लाना है, जिससे इवेंट में प्रतिस्पर्धा तथा उत्साह की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाएगी।

## जीतकर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास लौटा सकते हैं : फाफ डुप्लेसी

हैदराबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि मैच जीतकर कर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास ला सकते है। डुप्लेसी ने गुरुवार को कहा, पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है। सनराइजर्स हैदराबाद वाला मैच 270 अधिक था और हम 260 तक पहुँच गए। केकेआर मैच भी केवल एक रन से हारे। हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है। हमारे लिए यह बड़ी जीत। जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा।




उन्होंने कहा, एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन। प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं। और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है। प्रतियोगिता काफी कड़ी है, टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप शतप्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी।

उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें।

## रोमांच से परिपूर्ण होगा राजस्थान और लखनऊ का मुकाबला

लखनऊ। गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पिछले लगातार दो मुकाबलों में हराने वाली लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) शनिवार को अपने घरेलू मैदान में मजबूत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ जीत दर्ज कर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।



नवाब नगरी लखनऊ के खूबसूरत इकाना स्टेडियम पर दोनो टीमों के बीच मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। राजस्थान का आईपीएल के मौजूदा संस्करण में प्रदर्शन बेहतरीन रहा है और वह आठ में से सात मैच जीतकर अंक तालिका की पहली पायदान पर है वहीं एलएसजी ने इतने ही मैचों में पांच मैच जीतकर चौथे स्थान पर बनी हुयी हैं। आईपीएल में दो साल पहले पदार्पण करने वाली एलएसजी अब तक चार बार राजस्थान से भिड़ चुकी है जिसमें उसे सिर्फ एक में जीत मिली है। मौजूदा संस्करण में उसे राजस्थान से हार का सामना करना पड़ा है और इस लिहाज से उसे कल के मैच में अपने समर्थकों के सामने बदला लेने का भरपूर अवसर मिलेगा।

अपनी तूफानी गेंदबाजी से आईपीएल के मौजूदा संस्करण में सनसनी फैलाने वाले लखनऊ के मंयक यादव के कल के मैच में भी खेलने में संशय है हालांकि आज वह नेट अभ्यास करते दिखे थे। वैसे इकाना की पिच पर बल्ले की बजाय गेंद से हुनर दिखाने के पर्याप्त अवसर रहते हैं, ऐसे में दोनो ही टीमों के गेंदबाज बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेंगे।

भारतीय टीम से अर्से से दूर यजुवेंद्र चहल के लिये आईपीएल कई मायनों में काफी अहम है। अब तक अपनी गेंदबाजी से चयनकर्ताओं को आकर्षित करने में सफल चहल की कोशिश लखनऊ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की होगी ताकि अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप में उनके चयन की दावेदारी पुख्ता हो सके। चहल ने इस सीज़न आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं और संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं।

लखनऊ की जीत में कप्तान केएल राहुल, मार्कस स्टायनिस के अलावा निकोलस पूरन और क्विंटन डिकॉक बल्लेबाजी में अहम योगदान देने को तैयार हैं। वहीं जॉस बटलर को रोकना भी राजस्थान के गेंदबाजों के लिये टेढी खीर साबित हो सकता है। चहल ने टी20 क्रिकेट में डिकॉक को नौ पारियों में छह बार आउट किया है और केवल 122 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाने दिया है। संदीप शर्मा के खिलाफ केएल राहुल को चौकन्ना रहना होगा संदीप ने राहुल को टी20 में 13 पारियों में एक ही बार आउट किया है, लेकिन उनके ख़िलाफ़ राहुल की स्ट्राइक-रेट केवल 119 की है।

# पुलिस ने महिला प्रोफेसर को जमीन पर पटका

### इजराइल विरोधी प्रदर्शन में शामिल थीं; भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार, कश्मीर के पोस्टर भी दिखे

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। सरकार इन्हें दबाने के लिए लगातार छात्रों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अब तक 150 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान अटलांटा की एमोरी यूनिवर्सिटी में एक पुलिसकर्मी ने प्रदर्शन कर रही एक प्रोफेसर को जमीन पर पटक कर गिरफ्तार किया।

अमेरिकी मीडिया हाउस सीएनएन ने इसका वीडियो जारी किया है। प्रोफेसर की पहचान कैरोलिन फोहलिन के तौर पर हुई है। वीडियो में कुछ पुलिस वाले एक प्रदर्शनकारी को जमीन पर गिराकर गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे थे। तभी प्रोफेसर कैरोलिन वहां आती हैं।वो पुलिस वालों को उसे छोड़ने के लिए कहती हैं। उसी वक्त एक पुलिसवाला उन्हें अप्रोच करता है। कैरोलिन को जमीन पर पटक कर उन्हें हथकड़ियां बांध देता है।

इस बीच गुरुवार को प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली एक भारतीय



मूल की छात्रा अचिंत्या सिवालिंगम की भी गिरफ्तारी हुई है। सिवालिंगम को यूनिवर्सिटी से बैन कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूनिवर्सिटी की चेतावनी के बावजूद सिवालिंगम और उसके दोस्त विश्वविद्यालय के मैक्कोश कोर्टयार्ड में प्रदर्शन के लिए टेंट लगा रहे थे।

साथ ही एक तस्वीर में कुछ छात्र कश्मीर के पोस्टर के साथ दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में लिखा है, आस्क मी अबाउट कश्मीर यानी मुझसे कश्मीर के बारे में पूछो।

### कौन है अचिंत्या सिवालिंगम ?

अचिंत्या सिवालिंगम का जन्म तमिलनाडु के कोयंबटूर में हुआ था। बाद वो अमेरिका के कोलंबस शहर चली गई थीं। सिवालिंगम अभी प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल डेवलपमेंट में मास्टर ऑफ पब्लिक अफेयर्स (एमपीए) की पढ़ाई कर रही हैं। इससे पहले उन्होंने ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी से विश्व राजनीति और अर्थशास्त्र में डिग्री हासिल की। इसके अलावा वो हार्वर्ड लॉ स्कूल में इंटर्न भी थीं।

इतना ही नहीं सिवालिंगम ने सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भारत में भूमि अधिकारों और नीतियों पर भी काम किया है।

प्रिंसटन में अब उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो रही है। इस पूरी घटना पर भारत में मौजूद अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि हर किसी को अपने विचार रखने का पूरा हक है। बस इससे किसी को भी खतरा नहीं होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि इस समय दुनियाभर में बहुत सारी परेशानियां है। अमेरिका का मानना है कि राय व्यक्त की जानी चाहिए, पर बिना किसी को कोई नुकसान पहुंचाए। अगर कोई भी अपनी सीमा से बढ़ता है, तो ये अस्वीकार्य है और इसके लिए परिणाम भुगतने होंगे।

### अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में प्रदर्शन, भारत की नजर

अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन पर भारत ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार (25 अप्रैल) को वीकली ब्रीफिंग में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी, जिम्मेदारी की भावना , सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था के बीच सही संतुलन होना चाहिए।

जायसवाल ने कहा था हम सभी को इसी बात पर आंका जाता है कि हम घर पर क्या करते हैं, न कि इस आधार पर कि हम विदेश में क्या कहते हैं। भारत अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में हो रहे प्रदर्शनों पर अपनी नजर बनाए हुए है। इंडियन एम्बेसी भारत के छात्रों के साथ संपर्क में हैं। जब भी किसी मुद्दे को हल करने की आवश्यकता होगी, तो भारत उस पर विचार करेगा।

## पुलिस ने भारतीय मूल के युवक को गोली मारी

### रूममेट को गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप था; उत्तर प्रदेश का रहने वाला था शख्स

टेक्सास। अमेरिका के सैन एंटोनियो में पुलिस ने एक भारतीय मूल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल की है, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। मृतक का नाम सचिन साहू बताया गया है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला था।

सैन एंटोनियो पुलिस के मुताबिक, सचिन ने एक 51 साल की अपनी रूममेट को गाड़ी से टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वो वहां से भाग गया था। पीड़िता की हालात गंभीर है। इस मामले में पुलिस साहू के खिलाफ जांच कर रही थी।

### साहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था

पुलिस ने साहू के खिलाफ जांच



शुरू कर दी और गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 21 अप्रैल को शाम 6: 30 बजे पुलिस उसके घर सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स पहुंची तो साहू वहां से भाग गया।

कुछ ही घंटों के बाद साहू के पड़ोसियों ने उसके घर पर मौजूद होने की जानकारी पुलिस को दी। जब पुलिस उसको पकड़ने के लिए पहुंची तो साहू ने भागने की कोशिश की और अपनी गाड़ी से दो पुलिस अधिकारियों को टक्कर मार दी।

उसी समय वहां मौजूद पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने साहू पर गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया।

अमेरिका में लगातार भारतीयों की मौत की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन हमलों पर इस साल फरवरी में व्हाइट हाउस ने कहा था कि नस्ल, लिंग या किसी भी आधार पर हिंसा अमेरिका में अस्वीकार्य है।

## संरा ने सूडान संघर्ष में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के दो अधिकारियों ने सूडान संघर्ष में महिलाओं और किशोरियों के खिलाफ यौन हिंसा से निपटने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के सहायक महासचिव जॉयस मसुया संघर्ष में यौन हिंसा पर महासचिव के विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन के साथ याचिका दायर करने के लिए शामिल हुये। उन्होंने कहा, उनकी अपील तब आई है जब खार्तूम, दारफुर और कोर्डोफान में बलात्कार, जबरन शादी, यौन दासता और महिलाओं तथा किशोरियों की तस्करी के आरोप दर्ज किए जा रहे हैं।

## पाकिस्तान ने मानवाधिकार प्रथाओं पर अमेरिकी रिपोर्ट को खारिज किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट- पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है तथा जमीनी हकीकत से परे है। इसमें कहा गया है कि इस साल की रिपोर्ट एक बार फिर निष्पक्षता की कमी और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एजेंडे के राजनीतिकरण के कारण स्पष्ट है। मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट रूप से दोहरे मानकों को प्रदर्शित करता है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार प्रवचन को कमजोर करता है। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा जारी रिपोर्ट में पाकिस्तान के हालातों की पोल खुल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों की दुर्गति हो रही है, जिनमें हत्याएं, अपहरण और मनमाने ढंग से हिरासत में रखने सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं।

## हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा

मेक्सिको सिटी। कैरेबियाई देश हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने इस्तीफा दे दिया, जिससे देश में नई सरकार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जब तक देश में नया प्रधानमंत्री नहीं नियुक्त किया जाता यह पद अस्थायी रूप से अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट के पास रहेगा। हैती की राष्ट्रपति संक्रमणकालीन परिषद (सीपीटी) को भी कल औपचारिक रूप से स्थापित किया गया है। जिस पर देश में व्यवस्था बहाल करने का भार है। सीपीटी के नौ सदस्यों की नियुक्ति हैती में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने की उम्मीद के साथ हुई है, जो सामूहिक हिंसा के कारण गंभीर राजनीतिक और सामाजिक संकट में फंस गया है। हेनरी ने सीपीटी के गठन के तुरंत बाद तत्कालीन राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज़ की हत्या के पश्चात 2021 में पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा देने का वादा किया था। प्रधानमंत्री ने कार्यालय से 24 अप्रैल को लिखे पत्र और सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक पोस्ट पर अपने इस्तीफे की औपचारिक रूप से घोषणा की थी। उन्होंने सरकार के सभी सदस्यों, सहयोगियों, सार्वजनिक प्रशासन, सुरक्षा बलों और उन सभी को धन्यवाद दिया जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान साथ में काम किया था। हाल के वर्षों में हिंसा के कारण हैती के लोगों के 'नुकसान और पीड़ा' को स्वीकार करते हुए श्री हेनरी ने कहा, मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मेरे साथ इन चुनौतियों का सामना करने का साहस दिखाया है।

## जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति ने कैबिनेट में किया फेरबदल

हरारे। श्री एमर्सन मनांगाग्वा ने जिम्बावे में पिछले वर्ष अगस्त में हुये चुनाव में दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। राष्ट्रपति और कैबिनेट के मुख्य सचिव मार्टिन रशवेया ने बुधवार को एक बयान में कैबिनेट फेरबदल की घोषणा की और कहा कि पुनर्नियुक्ति और नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं। म्नांगाग्वा ने विंस्टन चिटांडो को लोक निर्माण मंत्रालय से हटाते हुये उन्हें खान और खनन विकास मंत्रालय के प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया और उनकी जगह पर राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के पूर्व मंत्री डैनियल गार्वे को नियुक्त किया गया है। पूर्व खान और खनन विकास मंत्री ज़ेमू सोडा अब राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के नये मंत्री हैं। राष्ट्रपति ने मूसा एनक्यूब को राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं के उप मंत्री और हेडमैन मोयो को लिबरेशन स्ट्रगल अफेयर्स के दिग्गजों के उप मंत्री के रूप में भी नियुक्त किया। उन्होंने येउकाई सिम्बानेगवी को राष्ट्रीय आवास और सामाजिक सुविधाओं का उप मंत्री से ऊर्जा और बिजली विकास का उप मंत्री बनाया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## पूर्व सीएम मनोहर लाल का कांग्रेस पर निशाना

# चुनाव में कांग्रेस की निकल चुकी है हवा

**ललित कुमार गोठवाल**



पूर्व सीएम मनोहर लाल ने एक बार फिर से कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि इस चुनाव में कांग्रेस की हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में हवा निकल चुकी है। हरियाणा में इसका मुख्य कारण कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीद्वारों की सूची जारी करने में डेढ़ माह की देरी है। वह और सीएम अब तक हरियाणा में 35 जनसभाएं कर चुके है और जब तक कांग्रेस हरियाणा में संभलेगी तब तक तक भाजपा प्रदेश के सभी 90 हलकों को कवर कर चुकी होगी। पूर्व सीएम झज्जर में भाजपा प्रत्याशी और रोहतक लोस के सांसद डा.अरविंद शर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित करने आए थे। यहां मीडिया के माध्यक से बादली हीं नहीं बल्कि झज्जर तक मैट्रो लाने के सांसद अरविंद शर्मा के बयान का समर्थन भी किया। शर्मा ने मंच के माध्यम से झज्जर तक मैट्रो लाने का वायदा किया था और कहा था कि यदि वह अपने प्रयासों में सफल नहीं हुए तो राजनीति से सन्यास ले लेंगे। पूर्व सीएम ने सांसद के बयान का समर्थन किया। मंच के माध्यम से जहां पूर्व सीएम मनोहर लाल ने जहां दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को खुजलीवाल की संज्ञा दी, वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर टिप्पणियां की है उससे यह जरूर साबित हो जाता है कि राहुल गांधी में संस्कारों की कमी है। संस्कार हमेशा परिवार से मिलते है और राहुल गांधी को वह संस्कार परिवार से नहीं मिल पाए।

इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने चुनावी घोषणा पत्र में देश से गरीबी हटाने की बात कही है।लेकिन भाजपा यह भी कहती है कि कांग्रेस ने साल 1970 का चुनाव भी गरीबी हटाने के नाम पर लड़ा था। बाद में उनकी सत्ता भी आई। लेकिन यदि वह उस दौरान देश से गरीबी नहीं हटा पाई तो यह उसकी नाकामी थी। इस मौके पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में जकर कसीदे पढ़े। उन्होंने प्रधानमंत्री की विकास पुरूष की संज्ञा दी और कहा कि दस साल के राज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का खूब विकास किया है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समाज को आरक्षण दिए जाने पर भी उन्होंने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यह एक तरह से बैकवर्ड व दलित समाज के हितों पर डाका है।इस रैली के दौरान सांसद अरविंद शर्मा,जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा,दिनेश गोयल,दिनेश शास्त्री,पूर्व मंत्री कांता देवी,रमेश वाल्मीकि,मनीष बंसल,वीरभान उर्फ बद्दू पहलवान,एडवोकेट सतबीर सिंह,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सोमवती जाखड़,जिला महामंत्री रत्न सागर,रामफल सैनी एडवोकेट आदि नेता मौजूद रहे।

## हमें न्याय तंत्र पर पूरा भरोसा, झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे



गोरखपुर से वर्तमान भाजपा सांसद अभिनेता मेगास्टार रवि किशन के ऊपर झूठे आरोप लगाकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है । कोर्ट ने सीधे सीधे रवि किशन को बड़ी राहत देते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा कहीं से भी नहीं लगता कि इस केस में कुछ भी संदेहास्पद है जिसके लिए डीएनए टेस्ट की अनुमति दी जाए । इसमें कहीं से भी ऐसा नहीं लगता है कि महिला की मां और रवि किशन के बीच किसी भी तरह का कोई पारिवारिक संबंध रहा हो। तो फिर अदालत किस आधार पर इनका डीएनए टेस्ट कराएगी । इस फैसले के बाद रवि किशन अब आक्रामक रुख अख्तियार कर चुके हैं और उनके जानने वाले कहते हैं कि दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा । इस केस में जिन जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा और रवि किशन की मानहानि का हर्जाना भी भरना होगा । यह कोई साधारण आरोप नहीं था और इसे लोकसभा चुनावों के ठीक पहले पब्लिक में उछालकर एक बेहद गलत संदेश फैलाया गया और इससे लोगों के मन में तरह तरह के विचार उतपन्न होते लेकिन समय रहते हुए ही माननीय अदालत ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। विदित हो कि अभी कुछ ही दिनों पहले एक महिला अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मेगास्टार रवि किशन पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा था कि रवि किशन उनकी बेटी शिनोवा के बायलोजिकल पिता हैं । और इस महिला ने इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक इन झूठे आरोपों के साथ पहुंचने की कोशिश की थी । ऐसे में सांसद रवि किशन मुश्किलों में घिरते हुए नजर आए थे लेकिन आज मुम्बई के दिंडोशी कोर्ट के अंदर से आये इस केस के फैंसले से रवि किशन को बहुत बड़ी राहत मिली है ।

## शार्ट न्यूज

### मुख्यमंत्री के आगमन के चलते बादली क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**ललित कुमार गोठवाल**



झज्जर। जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने आगामी 27 अप्रैल को मुख्यमंत्री हरियाणा के बादली में आगमन को लेकर धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मध्यनजर ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है। यह पाबंदी हेलीपैड से देवीलाल द्वार तक आवागमन के रास्ते पर और आस-पास के 500 मीटर के दायरे में लागू रहेगी। जिलाधीश कैप्शन शक्ति सिंह द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप मुख्यमंत्री हरियाणा हेलीकॉप्टर के माध्यम से 27 अप्रैल को सुबह बादली में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेंगे और जनसभा स्थल देवीलाल द्वार पंहुचेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे के चलते 27 अप्रैल को बादली में मानव रहित हवाई वाहन (ड्रोन) के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधीश ने बताया कि ड्रोन के प्रयोग से सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगने की आशंका बनी रहती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बादली शहर के अधिकार क्षेत्र में मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) का आसमान में घूमने देना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि यह आदेश मुख्यमंत्री के आगमन से चार घंटे पहले और एक घंटा बाद तक जारी रहेंगे। अगर कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों के उल्लंघन में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के प्रावधान के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### रेड कलर के हॉट आउटफिट में मंत्रमुग्ध कर देती हैं मधुरिमा तुली



**मुंबई ( अनिल बेदाग )।** मधुरिमा तुली एक ऐसी दिवा हैं जो अपने सौंदर्यशास्त्र और स्टाइल और फैशन की समझ से दर्शकों के दिलो-दिमाग पर कब्जा करने में कभी असफल नहीं होती हैं। आत्मविश्वास वास्तव में उसके डीएनए में है और यही कारण है कि वह जो कुछ भी पहनती है वह सिर घुमा देती है। हालाँकि वह किसी भी रंग में एक सच्ची चैंपियन है जिसे वह अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार चुनती है, हमें लगता है कि लाल एक उज्ज्वल और सकारात्मक रंग है जिसने हमेशा उसे सर्वश्रेष्ठ दिया है। बार-बार, हमने मधुरिमा को लाल रंग के अलग-अलग रंगों में रॉक करते देखा है, यह प्रशंसकों के लिए सर्वोत्कृष्ट दृश्य आनंद से कम नहीं है। खैर, लाल रंग के बारे में बात करते हुए, कुछ समय पहले, मार्च के अंत के आसपास, मधुरिमा ने अपनी शानदार मिडी लाल स्कर्ट पोशाक में अपनी कुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाली तस्वीरें पोस्ट की थीं और साथ ही, मैचिंग स्कारलेट लाल लिपस्टिक शेड ने ओम्फ फैक्टर को और बढ़ा दिया था। वह वास्तव में अपने तत्व और अपने बेहतरीन क्षणों में देखी गईं और प्रशंसकों ने इसे पसंद किया। हालाँकि, तस्वीरों, स्थान और कैप्शन के आधार पर, मधुरिमा तुली के वफादार प्रशंसकों का एक वर्ग है, जो मानते हैं कि कैप्शन और तस्वीरें उनके अंत में कुछ दिलचस्प होने का संकेत हो सकती हैं।

### मिलान फाउंडेशन द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

सीतापुर। जिले की सिधौली तहसील क्षेत्र के ग्राम सतनापुर में मिलान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उन्मुक्त प्रोग्राम के तहत किशोर किशोरियों ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान फाउंडेशन के किशोर किशोरियों ने हाथों में तख्तियां लेकर वोट देने की अपील की। तख्तियों में पहले मतदान फिर जलपान,चाहे नर हो या नारी मतदान है हम सब की जिम्मेवारी, वोट पहले जाना वोट डालना वापस आकर गेहूं काटना आदि आदि स्लोगन लिखे। उन्मुक्त प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदाता के लिए जागरूकता किया । इस प्रकार की पहल से गांव के लोग काफी प्रभावित हुए। ब्लॉक कोर्डिनेटर शैलजा शुक्ला ने कहा कि मतदान से भारत का नव निर्माण होगा इसलिए भारत के उज्जवल भविष्य के लिए वोट जरुरी है इसीलिए शत प्रतिशत मतदान करें। फैसिलिटेटर अमित कुमार प्रजापति ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है इसलिए इसे मजबूत करने के लिए इसमें प्रतिभाग करना चहिए। ग्राम प्रधान राम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। फैसिलिटेटर रूचि सिंह ने कहा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मत का प्रयोग जरुर करें।

### प्रेक्षकों से मुलाकात एवं शिकायत हेतु समय निर्धारित कर जारी किए गए मोबाइल नंबर

सीतापुर । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 से सम्बन्धित कोई भी व्यक्ति शिकायत अथवा मुलाकात करने हेतु प्रातः नौ बजे से दस बजे तक संसदीय क्षेत्र 30 हेतु सामान्य प्रेक्षक शिवाशंकर (आई0ए0एस0), मो0नं0-7020150970, 9450549949 तथा बेसिक नम्बर-05862-298857, ग्यारवीं वाहिंनी पी0एस0सी0 सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-2, जिनके लाइजन आफिसर श्री राजीव त्रिपाठी उपनिबन्धक सदर हैं, जिनका मो0नं0-9415575612 है। संसदीय क्षेत्र 30 हेतु मा0 सामान्य प्रेक्षक सोनिया नैन (आई0ए0एस0),मो0नं0 -9896533842,945220 1658 तथा बेसिक नं0-05862-29885 6 ग्यारहवीं वाहिनीपी0एस0सी0सीतापुर के चौदह नम्बर क्लब में रूम नं0-पांच, जिनके लाइजन आफिसर सुश्री शालिनी कुमारी जिला खान अधिकारी सीतापुर हैं, जिनका मो0नं0-888753 4839 है। संसदीय क्षेत्र 30 हेतु मा0 व्यय प्रेक्षक वी0एस0देशवरन (आई0 ए0 एस0), मो0नं0-8870014133, 945202 8540 तथा बेसिक नम्बर-05862- 298853,ग्यारहवीं वाहिनी पी0एस0 सी0सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं0-4, जिनके लाइजन आफिसर सर्व सिंह चौहान सहायक आबकारी आयुक्त डालमिया डिस्टलरी रामकोट हैं, जिनका मो0 नं0 - 98070 7760 79 है।

# सनातन की ज्योत जगाने आया सनातन वर्ल्ड यूट्यूब चैनल



मुंबई (अनिल बेदाग)। सनातन वर्ल्ड यूट्यूब चैनल सत्य सनातन हिन्दू धर्म के मूल तत्वों और सार से भरा पुंज और स्त्रोत है। सत्य सनातन हिंदू धर्म हजारों वर्ष पुराना धर्म है जिसे हिन्दू धर्म के नाम से भी संबोधित करते हैं, यह धर्म वृहद और शाश्वत है। जिसमें धर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का समावेश है। विविधता में एकता का सार है।

इसी सनातन धर्म का प्रचार प्रसार और विस्तार एस के तिवारी का पूरा परिवार और उनके पूर्वज कई पीढ़ियों से करते आये हैं। सत्य सनातन हिन्दू धर्म का परचम जन जन तक पहुँचाने और भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण संसार में सनातन की ज्योत को जगाने के लिए एस के तिवारी अपने सनातन वर्ल्ड यूट्यूब चैनल के माध्यम से जनता तक पहुंचा रहे हैं। सनातन वर्ल्ड बेहद वृहद है इसमें वेद, पुराण, उपनिषद, उपवेद, वेदांग, नीतियां, शास्त्र, उपशास्त्र, आरण्यक, संहिता, महाकाव्य, श्रीमद भगवद गीता, देवी भगवद, दर्शन, परंपराएं और संस्कार आदि सम्मिलित है। सत्य सनातन हिन्दू धर्म का विस्तार बड़ा है जिसे मानव को एक जन्म में इन धर्म और इसके सभी धार्मिक ग्रन्थों को पढ़ना और समझ पाना दुर्लभ होगा। साथ ही इस आधुनिकता के दौर में लोगों के पास समयाभाव है और कुछ कलयुगी प्रभाव के कारण भी इससे दूर हो चुके हैं। ऐसे समय में एस के तिवारी सम्पूर्ण सत्य सनातन हिन्दू धर्म से जुड़े पहलुओं, वेद, पुराण, शास्त्र, उपनिषद आदि के मूलतत्वों को संगीत के माध्यम से उसका सरलीकरण करके अपने सनातन वर्ल्ड यूट्यूब चैनल के माध्यम से सम्पूर्ण जगत के सनातनियों तक पहुंचाने का शुभ कार्य कर रहे हैं। इनके इस कार्य के पीछे केवल एक ही तीव्र इच्छा है कि सत्य सनातन हिन्दू धर्म का प्रचार प्रसार हो और इससे जुड़ी जानकारी, ज्ञान और सदविचार सम्पूर्ण जगत के लोगों तक पहुंचे। यह निःस्वार्थ भाव से किया जाने वाला कार्य है जिसके लिए सनातन वर्ल्ड के सीईओ एस के तिवारी अपनी सम्पूर्ण पूँजी और श्रम अर्पित करने को सहर्ष तैयार हैं।

# मानव मस्तिष्क में मधुर भाव पैदा करते हैं ये हॉर्मोन

## एड्रॉलिन, कॉकटेल, सेरोटॉनिन और डोपामाइन जगाते हैं मधुर भाव

**शिवप्रिया सिंह। गौरवशाली भारत**



प्रेम, अनुराग, आसक्ति, लगाव, सौहार्द, प्यार, महोब्बत, भक्ति भाव जैसे सभी शब्दों के संगम का पर्याय जो मानवीय मस्तिष्क में प्रेम का अलाप जगाने में आंतरिक शारीरिक संरचना से सराबोर हैं। मानव के मस्तिष्क में अनेक विचारों को उतपन्न करने और उनमें अपनी नफरत और प्रेम को जाग्रत करने के लिए ये हॉर्मोन अपनी भूमिका निभाते हैं। ये चारों केमि ?कल जब एक साथ नि ?कलते हैं, तो उस समय इंसान के मन में कई तरह के भाव पैदा होते हैं। इसमें एड्रॉलिन प्यार पैदा करने के लिए जिम्मेदार होता है, जबकि डोपामाइन ऐसा केमिकल है जो प्यार को परवान चढ़ाता है।

चिंतनीय विषय यह है कि, ये प्यार, इश्क़, मोहबत होता कैसे है? आखिर क्यों लोग कहते है की प्यार होना या ना होना, किसी के बस में नहीं है, लोग प्यार में अक्सर चाँद सितारे तोड़ कर लाने का वायदे भी करते है। साथ ही हमेशा साथ जीने और मरने की शपथ लेते हैं। युवाओं के मन एवं मस्तिष्क का अध्ययन करते हुए और वैज्ञानिक तर्क के आधार पर आपको बता दें कि, मानवीय मन मस्तिष्क में मधुर भाव या प्यार की असली वजह कुछ और नहीं बल्कि, ये सब केमिकल लोचे का कमाल है।

जी हाँ, अध्ययन अनुसार यह एक तरीके का भाव होता है, जो एक-दूसरे के प्रति आकर्षण पैदा करता है। मानव मस्तिष्क में एक प्लेजर सेंटर (न्यूक्लियस एक्म्बेंस) होता है। जहां पर केमिकल के निकलने की वजह से इस तरह की फीलिंग्स आती हैं। यूं समझिए ये सिर्फ एक केमिकल लोचा है। जो दिमाग से निकलने वाले तमाम तरह के केमिकल का कॉकटेल ही इंसान में प्यार की तरंगें पैदा करता है और युवा विद्यार्थियों को पढ़ाई में डिस्टर्बेंस लाता है।

अच्छा अब खास बात तो ये है की ये हर लेवल के लिए अलग-अलग हॉर्मोन्स होते हैं और वही प्यार के लिए जिम्मेदार होते हैं। अब अगर बात करें इसकी शुरुआत की तो टेस्टोस्टेरोन केमिकल से इसकी शुरुआत होती है। दिमाग में मौजूद प्लेजर सेंटर से समय-समय पर अलग-अलग तरीके के केमिकल निकलते रहते हैं। इन सभी केमिकल की वजह से व्यक्ति की आदतों और व्यवहार में परिवर्तन आता है। जैसे पढ़ाई में मन न लगना, रात रात भर यादों में खोए रहना, ख़याली पुलाओ बनाना, अपने बच्चो के नाम सोचना, अक्सर लोगो को लगता है कि, जब दिल की घंटी बजती है। वायलेंस बजता है। हवा तेज होने लगती है तब होती है प्यार की शुरुआत लेकिन, ऐसा कुछ नहीं है। ये सब रियल लाइफ में बिलकुल नहीं होता है। यह सब रील फिल्मों में दर्शाए जाते हैं।

दरअसल टेस्टोस्टेरोन केमिकल को मेडिकल भाषा में प्यार की पहली शुरुआत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। उनके हॉर्मोन्स टेस्टोस्टेरोन और स्ट्रोजन से प्रेरित होते हैं और यहीं से प्यार की शुरुआत होती है। दिल की घंटी बजने से नहीं होती है। जब इंसान के ब्रेन से टेस्टोस्टेरोन केमिकल निकलता है तो उस समय आकर्षण की भावना पैदा होने लगती है। दिमाग के प्लेजर सेंटर से लगातार निकल रहे इस केमिकल के चलते न्यूरोट्रांसमीटर के जरिए एड्रॉलिन, डोपामाइन और सेरोटॉनिन नाम के केमिकल भी निकलना शुरू कर देते हैं। ये चारों केमिकल जब एक साथ निकलते हैं, तो उस समय इंसान के मन में कई तरह के भाव पैदा होते हैं। इसमें एड्रॉलिन हॉर्मोन प्यार पैदा करने के लिए जिम्मेदार होता है।

जबकि, डोपामाइन ऐसा केमिकल है जो प्यार को परवान चढ़ाता है। उस वक्त मानव मस्तिष्क में विचार आते हैं और वह सोचते है की साथ जियेंगे साथ मरेंगे। वहीं, सेरोटॉनिन यह निर्धारित करता है कि आपको कब, कहां और कैसे प्यार होगा ?

मानवता के बदलते स्वभाव एवं मन मस्तिष्क में प्यार अनुराग के भाव की असली वजह को समझाने के लिए ये लेख उन युवा पीढ़ीयों के लिए लिखा गया है।

जो सौन्दर्य से भरपूर और आकर्षक वयक्तिव से प्रभावित होकर आकर्षित होते हैं। जिन्हें एक पल, एक नज़र या यूं कहें पहली मुलाकात में प्रेम का आभास होता है।

# स्कूली बच्चों को ले जा रहे अभिभावकों को टीएसआई ने किया जागरूक



ललितपुर। शासन के आदेश पर पांच मई तक मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखबाड़ा को लेकर अब यातायात पुलिस अभिभावकों को चिह्नित कर उन्हें बच्चों को विद्यालय लाने और लेजाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग करने को लेकर जागरूक कर रही है। शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से ओवरब्रिज चौराहा पर सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बच्चों को लेकर जा रहे अभिभावकों को रोक कर उन्हें हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से भी आह्वान किया कि वह अपने माता-पिता के साथ तब ही वाहन पर बैठें, जब वह हेलमेट लगायें। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेशानुसार एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा पखबाड़ा को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जहां एक ओर वाहन चालकों से यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए अपील की जा रही है तो वहीं अब बच्चों को घर से विद्यालय और विद्यालय से घर लाने और ले जाने वाले माता-पिता (अभिभावकों) को भी हेलमेट लगाने को लेकर आह्वान किया गया। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि बच्चों को मोटर साइकिल, स्कूटी इत्यादि पर बैठाकर विद्यालय लाने- ले जाने के अलावा कहीं भी ले जाने पर हेलमेट का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। उन्होंने कहा कि हो सके तो बच्चों को भी हेलमेट लगायें, ताकि वह भी सुरक्षित रह सकें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्रायें बिना लाइसेंस वाहन का संचालन न करें। शासन से निर्धारित आयुवर्षता पूर्ण करते हुये सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से निर्धारित मानकों को पूर्ण कर लाइसेंस प्राप्त करें और लाइसेंस लेकर ही वाहन चलायें। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान यातायात पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# मुफ्त राशन नहीं, युवाओं को चाहिये रोजगार : आकाश

कौशांबी । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) संयोजक आकाश आनंद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि युवाओं को रोजगार के बजाय मुफ्त का राशन देकर सरकार हर साल उन्हे करीब ढाई लाख रुपये का चूना लगा रही है।

कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में चायल तहसील के मूरतगंज कस्बे में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये आनंद ने कहा भाजपा सरकार साल मे आपको 12 हज़ार रुपये का राशन मुफ्त बाट कर ढाई लाख रुपये साल का चूना लगा रही है। जनता पर लगाए गए टैक्स के रुपए से राशन दिया जाता है।

महिलाओ की तरफ इशारा कर उन्होने कहा यदि आपके परिवार के बेटे को सरकार नौकरी दे दे तो उसको महीने मे 20 हज़ार रुपये मिलेगे, जो साल मे ढाई लाख रुपये होते है। इस तरह से भाजपा के लोग आम आदमी को शिक्षा सुरक्षा और रोजगार के नाम पर ठग रही है।

उन्होने कहा कि इस सरकार मे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो जाते है। वास्तव में सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देना चाहती। केंद्र मे 50 लाख से अधिक पद खाली है।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया तथा शस्त्र हैंडलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का कराया गया अभ्यास । पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा FIRST AID KIT व दंगा नियंत्रण उपकरण चैक किये गये । यूपी 112 पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराया गया तथा यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निर्माणाधीन बिल्डिंग, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## भाजपा को दूसरे चरण में ही जीत की सुगंध मिली : स्वतंत्र देव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। पार्टी के राज्य मुख्यालय में आज शाम पत्रकारों को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। दोनों ही चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। सिंह ने कहा कि दूसरे चरण के मतदान के समय जनता जनार्दन का उत्साह देखने के लायक़ था।

# कांग्रेस व सपा ने दिया भ्रष्टाचार को बढ़ावा : ब्रजेश पाठक

**एजेंसी**

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास में अपना सर्वस्व झोंकने को तैयार हैं वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस की भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की नीति से जनता भलीभांति वाकिफ है।

पाठक ने सोशल मीडिया लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और फिर कांग्रेस व सपा पर जमकर भड़ास निकाली।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विकास का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने है। सपा व कांग्रेस द्वारा किए गए कार्य को भी आप देख चुके हैं। एक तरह जहां कांग्रेस व सपा जैसी पार्टियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को आगे बढ़ाने का काम किया। भारत जो कहता है पूरी दुनिया उसे सुनती है।

उन्होंने कहा कि सभी को पुलवामा की घटना याद होगी जब पीएम मोदी ने कहा था कि दुश्मन को घर में घुसकर मारेंगे। हमारे जाबांज सैनिकों ने पाकिस्तान के अन्दर घुसकर आंतकवादियों को मारने का काम किया। हमारा एक वीर सिपाही पाकिस्तान में घुस गया था। तक सब लोग बोल रहे थे वह गया। जब मोदी ने टेलीविजन पर कहा कि था हमारा जवान हमें सकुशल चाहिए तो पाकिस्तान ने हमारे जवान को इज्जत के साथ पाकिस्तान बार्डर से भारत भेजने काम किया था। यह भारत की बदलती तस्वीर है। आज हमारा भारत देश ताकतवर राष्ट्र है और विकसित राष्ट्र के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

आज हम दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में हैं। बड़े-बड़े अर्थशास्त्री मानते हैं कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। उन्होंने सभी से अपील किया कि हमारा प्रत्याशी प्रवीण निषाद सभी की सेवा करेगा और क्षेत्र के नाम को रोशन करेगा। स्कूल, कालेज, अस्पताल, सड़कें, विजली, पानी और कानून व्यवस्था को नम्वर एक करेगा।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद हमारे बड़े भाई हैं जिन्हें अभी हाल में ही समाजवादी के गुंडों ने हमला कर घायल कर दिया था। चुनाव आयोग से हमने कहा है कि चुनाव में खलल पैदा करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार चल रही थी और भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी थी। उसके कई मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त थे और समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में गुंडा, माफिया और अपराधिकारियों को संरक्षण देने काम की।

हर जिले में सपा का एक-एक माफिया होता था। वहीं भाजपा सरकार ने बहू-वेटियों को बुरी नजर से देखने वालों को जेल में डालने का काम किया। आज देश में अपराध समाप्त हो चुके हैं और गुंडे, माफिया शून्य है। यह सब आप सभी की वोट की ताकत से संभव हुआ है। आपने वोट दिया कमल को तो उत्तर प्रदेश के गुंडे उत्तर प्रदेश से वाहर हैं और यहां पर आज अमन चैन काम है।